CMYK
ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 25°C
मुरादाबाद, शनिवार 25 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 249 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 6 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीर को राज्य का दर्जा न देना 'सजा' के समान : उमर अब्दुल्ला पेज 2





चेन्नई के अंशुल कम्बोज का पर्पल कैप पर फिर कब्जा खेल टाइम्स



जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही सम्पादकीय



ईरान जंग में खर्च हुई चीन के लिए रिजर्व अमेरिकी मिसाइलें पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सीईसी को हटाने के लिए विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया प्रस्ताव नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है। विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है। यह नोटिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है।

### यूपी-महाराष्ट्र में पारा 44 डिग्री के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4 डिग्री सेल्सियस, वहीं अकोला में 44.3 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड हुआ। बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है। बीकानेर, झुंझुनूं और जैसलमेर में सरकारी योजनाओं काम के समय में भी बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक ही काम करेंगे।

### बंगाल में टीएमसी का दीया बुझने वाला है: मोदी

**कोलकाता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दमदम और जादवपुर में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने वाला है। बुझता दीया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है।

# ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए सात दिन

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यहां भी ट्रम्प ने खेल किया। युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया।

अब एक मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं। 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रम्प के 53 सांसद हैं। जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 हैं। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं। जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं। ऐसे में अब ट्रम्प एक मई से पहले किसी भी तरह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। इस कानून में 60 दिन के बाद एक विकल्प और है। राष्ट्रपति एक बार के लिए 30 दिन का अतिरिक्त समय ले सकते हैं, लेकिन यह सिर्फ सैनिकों की सुरक्षित वापसी के लिए होता है, न कि युद्ध जारी रखने के लिए। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रम्प इस समय सीमा को नजरअंदाज कर सकते हैं।



- एक मई से पहले अमेरिकी संसद की मंजूरी मिलना जरूरी
- पार्टी के 10 सांसद जंग के विरोध में

## अमेरिका के साथ शांतिवार्ता के लिए ईरान तैयार!

**इस्लामाबाद/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के इस सप्ताहांत तक इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है।

दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ईरान के शीर्ष राजनयिक के वार्ता के लिए इस सप्ताहांत तक पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना है। अधिकारियों ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यात्रा के बारे में अन्य कोई जानकारी देने से इन्कार कर दिया, सिवाय इसके कि उनके साथ एक छोटा सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा और वे शुक्रवार को ही पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

- इस्लामाबाद जाएंगे ईरान के विदेश मंत्री अराघची

## आम आदमी पार्टी में बड़ी फूट

# राघव चड्ढा समेत 'आप' के सात सांसद भाजपा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही वो भाजपा में शामिल हो गए।

राघव के अलावा संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रजीत सिंह साहनी, राजिंदर गुप्ता के अलावा दिल्ली से आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल भी भाजपा में शामिल हो गईं। राघव ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, आज संविधान के प्रावधानों के तहत यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हो गए। कुल सात सांसदों ने इस विलय संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इन दस्तावेजों को राज्यसभा के माननीय सभापति को सौंपा गया। तीन सांसदों ने व्यक्तिगत रूप से ये हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे। राघव चड्ढा ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए -**शेष पृष्ठ दो पर**



- सात सांसदों ने राज्यसभा के सभापति को सौंपे दस्तावेज

# प. बंगाल में बंपर वोटिंग देखकर बहुत खुश हूं: CJI

## मताधिकार के प्रयोग से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग की तारीफ की। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की बेंच ने राज्य में चुनावी हिंसा न होने पर संतोष जताया। सीजेआई ने कहा कि भारत के नागरिक के रूप में, मुझे मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुशी हुई। जब लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, वे लोग समाधान के लिए कोर्ट की तरफ से नियुक्त 19 अपीलीय ट्रिब्यूनलों से संपर्क करें। कोर्ट बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को रोकने से इन्कार कर दिया था। कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों से कहा कि वे उन लोगों को पहले सुनवाई का मौका दें, जो वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए अर्जेंट सुनवाई की गुहार लगाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को उन विभिन्न लोगों की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिनके नाम पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए थे, इनमें लगभग 65 चुनाव ड्यूटी अधिकारी भी शामिल थे।



- SIR लिस्ट से बाहर चुनाव अधिकारियों की याचिका पर कहा: इस बार वोट नहीं डाल पाएंगे

### सात महीने की प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती, तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद प्रेग्नेंट हुई थी।

## पवन खेड़ा की जमानत याचिका खारिज

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया।

यह मामला असम सीएम सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है। खेड़ा ने यह आरोप 5 अप्रैल को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए थे। इसके बाद असम सीएम की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई थी। कांग्रेस नेता ने एफआईआर के खिलाफ तेलंगाना हाईकोर्ट में ट्रांजिट जमानत की अपील की थी।

- गुवाहाटी हाईकोर्ट ने दिया कांग्रेस नेता को जोरदार झटका

# कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना

## ट्रम्प के विवादित पोस्ट पर ईरान ने कसा तंज, भारत की तारीफ में कही बड़ी बात

**मुंबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। ट्रम्प ने एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक जैसे देश कहा गया था और अमेरिका की नागरिकता नीति में बदलाव की मांग की गई थी। इस बयान के बाद ईरान ने ट्रम्प पर तंज कसा है।

भारत के मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया और कहा कि ट्रम्प को यहां की यात्रा सांस्कृतिक डिटाक्स की तरह करनी चाहिए। पोस्ट में लिखा गया कि शायद किसी को ट्रम्प के लिए एक वन-वे कल्चरल डिटाक्स बुक कर देना चाहिए, जिससे उनकी बिना मतलब की बयानबाजी कम हो सके। साथ ही लिखा गया कि कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब ट्रम्प ने अमेरिकी टिप्पणीकार माइकल सैवेज के एक पॉडकास्ट को रीपोस्ट किया, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया कि इन देशों से लोग अमेरिका आकर बच्चे पैदा कर लेते हैं, ताकि उन्हें नागरिकता मिल जाए। बता दें कि इससे पहले भारत ने भी ट्रम्प के इस पोस्ट पर करारा जवाब दिया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे गलत जानकारी, अनुचित और खराब स्वाद वाला बयान बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह टिप्पणी भारत-अमेरिका रिश्तों की वास्तविकता को नहीं दर्शाती, जो आपसी सम्मान और सहयोग पर आधारित हैं। बाद में स्थिति को संभालने के लिए अमेरिकी दूतावास ने सफाई दी।

- ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वाशिंगटन में हुई सार्थक चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच फरवरी में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने के बारे में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच वाशिंगटन में इसी सप्ताह हुई बातचीत को भारत ने 'दूरदर्शी और सार्थक' बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष बातचीत को इसी गति के साथ जारी रखेंगे।

बीटीए पर आधिकारिक बातचीत के लिए भारतीय अधिकारियों की टीम 20 से 23 अप्रैल तक वाशिंगटन की यात्रा पर थी। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बातचीत के बारे में शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बैठकें रचनात्मक और सकारात्मक माहौल में आयोजित की गईं। इनमें सार्थक और दूरदर्शी चर्चाएं हुईं, जिससे प्रमुख मुद्दों पर प्रगति संभव हुई। दोनों पक्ष ने आगे बढ़ते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

- बातचीत जारी रखेंगे दोनों पक्ष

Shobhit University
EDUCATION EMPOWERS
NAAC A
UP Board 10+2 Students
Congratulations
and Welcome to New Possibilities





Explore Programs after 10+2 at Shobhit University, Meerut & Shobhit University, Gangoh
B.Tech.( with specializations) | BCA (with specializations) | BBA (with specializations) | B.Pharm. | BAMS | BNYS
BA LLB | BBA LLB (Hons) | B.Com LLB (Hons) | BA Psychology (Hons) | BA Business Economics (Hons)
BA Government & Administration (Hons) | B.Sc.(Hons) Food Technology | B.Sc. (Hons) Biotechnology | B.Sc. (Hons) Microbiology
B.Sc. (Hons) Biomedical Sciences | B.Sc. (Hons) Nutrition & Dietetics | B.Sc. Agriculture | B.Com. (Hons)
BA Yoga | BA (for girls only) | Polytechnic Engineering Diploma | D.Pharm.
Admission Open for Academic Session 2026–27
Admission to various undergraduate programs is offered through a structured multi-route system using score of different entrance tests:
Shobhit University National Entrance and Scholarship Test (SUNET)
JEE (Main) / NEET / CUET (UG) / CLAT / LSAT / AIMA-UGAT etc., and Academic Merit.
Shobhit Institute of Engineering & Technology Meerut
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University estd u/s 3 of UGC Act, 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut-250110, Delhi NCR, India
7617505016 | www.shobhituniversity.ac.in
Shobhit University Gangoh, Saharanpur
[NAAC 'A' Grade Accredited University estd u/s 2(f) of UGC Act, 1956]
Babu Vijendra Marg, Gangoh-247341, Saharanpur, UP, India
7830810052 | www.sug.ac.in
Kunwar Shekhar Vijendra Ayurved Medical College and Research Centre Gangoh, Saharanpur
[A PG Institution with 200 bed hospital recognised by NCISM, Ministry of AYUSH, Government of India]
UGC AICTE AIU PCI NCISM BCI NCTE CCRYN 12B Status UGC-DEB SIRO TBI AICTE IDEA Lab NCC
Scholarships available | RRTS Modipuram Metro Station is just 200 meters from the SU Meerut campus.

## एक नजर

### टैंकर की टक्कर से महिला की मौत



**शेरकोट।** आज देर शाम हरेवली मार्ग स्थित ग्राम नूरपुर छिपरी के निकट इंडियन ऑयल के टेंकर ने पीछे से एक बाइक में टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और टेंकर का अगला पहिया बाइक सवार रिहाना पत्नी नौशाद निवासी मौहल्ला इमामबाड़ा शेरकोट के ऊपर से उतर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकी बाइक चला रहा इशाक अली गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतका के भाई इशाक अली ने बताया कि उसकी बहन का पित्ते का ऑपरेशन हुआ था। वह बहन के टांके कटवा कर घर महमदाबाद जा रहा था। रास्ते में टेंकर ने टक्कर मार दी। जिससे रिहाना की मौत हो गई। मृतका का पति नौशाद कुवैत में रहता है। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतका का पांच साल का एक बेटा है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टेंकर चालक की तालाश की जा रही है। मृतका के परिजनों से तहरीर लेकर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जुबैदा शकील ने बेहतर बनाई सफाई व्यवस्था



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत सीरवासुचंद में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए ग्राम प्रधान जुबैदा शकील ने ग्रामीणों को डोर-टू-डोर कूड़ा-कचरा उठाने वाला एक वाहन समर्पित किया। इस पहल का उद्देश्य पंचायत में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाना है। ग्राम प्रधान जुबैदा शकील ने अपने पति शकील अहमद की उपस्थिति में वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानपति शकील अहमद ने बताया कि इस वाहन पर लाउडस्पीकर लगा है, जो प्रतिदिन आवाज लगाकर ग्रामीणों को सूचित करेगा और गांव की गलियों से गुजरेगा। ग्रामीण इसमें अपना एकत्रित कूड़ा-कचरा डालकर इस नि:शुल्क सेवा का लाभ उठा सकेंगे। शकील अहमद ने बताया कि पंचायत में विकास कार्यों को हमेशा प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने 260 खंभों पर हाईलोजन लाइटें लगवाई हैं। इसके अतिरिक्त, कूड़ा-कचरा उठाने के लिए दो ऑटो रिक्शा और एक ट्रैक्टर ट्रॉली भी खरीदी गई है।

### प्रथम स्थान पर रही जिज्ञासा




**कालागढ़।** भिक्कावाला इंटर कालेज में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। हाईस्कूल की परीक्षा में जिज्ञासा प्रथम, नवजोत कौर द्वितीय व इशिका तृतीय स्थान पर रही। इंटर साइंस में करंदीप कौर प्रथम, ज्योति कुमारी द्वितीय व अंशिका तृतीय, इंटर आर्ट में उजाला बंसल प्रथम, आशिका रावत द्वितीय व साक्षी तृतीय स्थान पर रही।

### व्यापारी एकता परिषद की बैठक




**बिजनौर।** व्यापारी एकता परिषद की बैठक जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी व जिला मंत्री राजीव कुमार के संचालन में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुज मानव शर्मा ने की। प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही नौ मई को संगठन की वर्षगांठ मनाने के बारे में जानकारी दी। बैठक में चरण सिंह, नईम अहमद अंसारी, शिवम शर्मा, मौहम्मद आबिद, शिवम गुप्ता, विशाल चौधरी, शाकिर मंसूरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आतंकी गैंग आकिब पर शिकंजा

## दो गिरफ्तार, गिरोह के कई लोगों को पुलिस भेज चुकी है जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** राष्ट्र विरोधियों गतिविधियों में आकिब गैंग का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस इस गिरोह की कुंडली लगातार खंगाल रही है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े दो युवाओं को गिरफ्तार किया है।

सोशल मीडिया पर हथियार लहराने के वायरल वीडियो मामले में फरार आरोपी संदिग्ध आतंकी मैजूल को दक्षिण अफ्रीका से लौटते ही दिल्ली एयरपोर्ट पर मैजुल को गिरफ्तार कर नजीबाबाद और नांगल पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया था। पूछताछ में पुलिस ने कई अहम खुलासे किए थे। आकिब गैंग पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है, इस गिरोह के तीन आतंकी पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



### विदेश में छुपे बैठे आतंकी के विरुद्ध जारी है लुकआउट नोटिस

इस गिरोह का सरगना आकिब दुबई में रहकर ड्राइवर का कार्य करता है। वही मैजुल दक्षिण अफ्रीका में रहकर सैलून में कार्य करता है। जबकि आजाद दुबई में रह रहा है। तीनो के नाम आतंकी गिरोह से जुड़ने के बाद पुलिस ने इनके विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी किया था।

सोशल मीडिया पर हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन कर युवाओं को भड़काने वाले नेटवर्क का पुलिस हर रोज नया खुलासा कर रही है। जिसके जरिए कट्टरपंथी और हिंसक विचार फैलाने वाले आतंकी उबैद मलिक पुत्र रहीश निवासी टांडा माईदास थाना नगीना देहात, जलाल हैदर उर्फ समीर पुत्र अकरम निवासी बुल. चंदपुर उर्फ मुड़ा खेड़ा, थाना नजीबाबाद, समीर उर्फ रूहान निवासी सुल्ताना डाकू का किला, थाना नजीबाबाद को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि इस गिरोह के तीन आतंकी मैजुल पुत्र शौकीन निवासी सौफतपुर, थाना नांगल, आकिब पुत्र नासिर निवासी ग्राम साठला, थाना मवाना, जनपद मेरठ और आजाद पुत्र नासिर निवासी मुकीमपुर जमात उर्फ ईनामपुरा, थाना मंडावर विदेश में रहकर भारत में देश विरोधी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए काम कर रहे है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। आज नजीबाबाद पुलिस ने आकिब गिरोह के जुल्फिकार उर्फ राका पुत्र रशीद निवासी साहबुसरा रतन थाना किरतपुर और आरिफ मालिक पुत्र मौहम्मद युनुस निवासी खाईखेड़ी, थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि विदेश में बैठे आकिब ने पुलिस से सचेत रहने के लिए कहा था, साथ ही फोटो और वीडियो डिलीट करने को कहा था। आकिब उन्हें भड़काऊ और धार्मिक कट्टरता के वीडियो भेजकर हिंदू साधु-संतों, वाहनों को जलाने और रेलवे ट्रैक को क्षति पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है।

# ट्रक खरीदने के बहाने लाखों की ठगी

## जालसाज वाहन लेकर फरार, पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** वाहन खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाज ने ट्रक खरीदने का झांसा देकर वाहन अपने कब्जे में ले लिया और लाखों का भुगतान किए बिना ही फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।




प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला हजजामान निवासी मौहम्मद अरशद के अनुसार कुछ समय पहले रामपुर जनपद का एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ उनसे मिला था। आरोपियों ने अरशद के ट्रक संख्या यूपी63 एटी 3228 का सौदा 24 लाख रुपए में तय किया था। विश्वास दिलाने के लिए उन्होंने शुरुआत में 20,000 रुपए बयाना और 58,000 रुपए की एक किस्त जमा की। समझौते के तहत आरोपियों को 15 दिनों के भीतर 7,66,000 रुपए नकद देने थे, जबकि शेष राशि किस्तों में चुकाई जानी थी। आरोप है कि तय समय सीमा बीतने के बाद भी आरोपियों ने न तो भुगतान किया और न ही पीड़ित का फोन उठाया। जब अरशद उनके बताए पते पर पहुंचे, तो वे अपने घर से गायब मिले। पीड़ित का आरोप है कि ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान पता चला कि यह व्यक्ति और उसका गिरोह इसी तरह की धोखाधड़ी के लिए जाना जाता है। वे कम पैसे देकर गाड़ियां ले लेते हैं और फिर उन्हें गायब कर देते हैं। जब पीड़ित ने आरोपियों के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने भी अभद्र व्यवहार किया। मौहम्मद अरशद ने पुलिस प्रशासन से मामले की गहनता से जांच कर गिरोह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने ट्रक की बरामदगी और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को संदिग्धों के मोबाइल नंबर और संबंधित दस्तावेज सौंप दिए गए हैं।

कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गोलीकांड में घायल उपचाराधीन युवक की मौत

**हीमपुर दीपा।** जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे सौरभ ने आखिरकार मौत के आगे घुटने टेक दिए और जिंदगी को अलविदा कह दिया।

सौरभ की मौत से ग्राम रावटी में तनाव बढ़ गया है। सौरभ अपने पीछे चार साल के मासूम बेटे सहित परिवार को रोते बिलखते छोड़ गया।

गौरतलब है कि बीती 20/21 अप्रैल की ग्राम सिसौना में एक शादी समारोह में हुए झगड़े के बाद ग्राम टूंगरी निवासी कुछ युवकों ने ग्राम रावटी निवासी 26 वर्षीय सौरभ को घर में घुसकर गोली मार दी थी। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गए था। पुलिस ने मौके से मिली बाइक को कब्जे में लेते हुए घायल को जिला अस्पताल भिजवाया था, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया था। वहीं चार दिनों से जिंदगी और मौत से लड़ रहे सौरभ ने आखिरकार मौत के आगे घुटने टेक दिए और जिंदगी को अलविदा कह दिया।

# नीट परीक्षा की तैयारी के संबंध में बैठक

## सीडीओ ने दिए नकलविहीन एवं सफलतापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम अधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में सीडीओ रणविजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में तीन मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



सीडीओ ने कहा कि जनपद के अधिक से अधिक विद्यार्थी नीट परीक्षा को पूर्ण रूप से नकल विहीन सुबह अवस्थित एवं निर्बाध रूप से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा नीट परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें और कोई भी कमी पाए जाने पर तत्काल उसे दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी केंद्रीय व्यवस्थापकों को प्रतिष्ठित करते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में अपनी सुविधा अनुसार क्लॉक रूम बनाई जाए और किसी भी अवस्था में परीक्षार्थियों द्वारा जमा सामान पर कोई शुल्क वसूल नहीं किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों, परिसरों के सभी प्रवेश और निकास द्वारों, गलियारों और विशेष रूप से परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें और इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सभी कैमरे क्रियाशील रहें। उन्होंने निर्बाध बिजली आपूर्ति रखने के लिए परीक्षा केंद्रों में जनरेटर की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करें। उन्होंने परिवहन विभाग को अभ्यर्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्व में ही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही परीक्षा में नकल रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए।

इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, एएसपी प्रकाश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित समस्त एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### इनवर्टर का करंट लगने से मौत



**नहटौर।** नगर पालिका के एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी की घर पर इनवर्टर ठीक करते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई। यह हादसा शुक्रवार शाम करीब 5:00 बजे हुआ। मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी 23 वर्षीय आनंद सूद अपने घर पर इनवर्टर ठीक कर रहे थे। बताया जा रहा है कि बैटरी में पानी डालते समय उन्हें अचानक जोरदार करंट लगा और वे अचेत होकर गिर पड़े। हादसे के बाद परिजनों ने आनंद को तत्काल नहटौर के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। आनंद की असामयिक मृत्यु की खबर फैलते ही बस्ती में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक आनंद सूद नहटौर नगरपालिका में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें एक मेहनती और मिलनसार युवक बताया। वह अपने छह भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थे और चार भाइयों में सबसे बड़े थे।

### फसल सुरक्षा जागरूकता अभियान



**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल द्वारा संचालित फसल सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को गन्ना फसल में लगने वाले चोटी भेधक कीट की पहचान एवं उसके प्रभावी नियंत्रण के उपाय बताए गए। मिल उपाध्यक्ष विजय वीर सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक राहुल चौधरी, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक नवीन आर्य, सहायक गन्ना प्रबंधक नपेंद्र सिंह तथा क्षेत्रीय कर्मचारियों की टीम ने ग्राम फरीदपुर सधीरन, नसीरपुर नैन सिंह, शेरपुर कल्याण, ननूपुरा, बल्दिया समेत कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों को बताया गया कि वर्तमान मौसम कीटों के अनुकूल होने के कारण क्षेत्र में चोटी बेधक का प्रकोप बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए समय रहते उचित कदम उठाना आवश्यक है। टीम ने किसानों को शूट कटिंग को सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए इसके साथ-साथ खेतों में लाइट ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप लगाने तथा सीटीपीआर दवा की ड्रेंचिंग करने की सलाह दी। यूनिट हेड विजय वीर सिंह ने कहा कि यदि किसान समय पर इन उपायों को अपनाते हैं, तो फसल को भारी नुकसान से बचाया जा सकता है।

### तमंचे के साथ युवक की तस्वीर वायरल

**नहटौर।** ग्राम फूलसंदी से एक युवक की अवैध तमंचे के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। आज दोपहर करीब तीन बजे यह तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई। इसमें एक युवक हाथ में अवैध तमंचा लिए हुए दिख रहा है। तस्वीर वायरल होते ही क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बन गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर भी इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई। थाना प्रभारी को इस प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अब युवक की पहचान और उसके पास अवैध हथियार आने के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। हल्का दरोगा संयम यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है और इसकी जांच की जा रही है।

### विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हल्दौर।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का परीक्षाफल 85 प्रतिशत और इंटर का 92 प्रतिशत रहा। कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। हाईस्कूल की परीक्षा में राधिका 86%, अफ्शा परवीन 82% और गीता 80% अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी कॉलेज के इंटर की परीक्षा में सचिन सैनी 80.04%, हर्ष भारती 76.04 व अनामिका ने 76.02% अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के हाई स्कूल का 85% और इंटर का 92% रिजल्ट रहा। वहीं नगर के सीडी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की परीक्षा में संजना 86.66 प्रतिशत, क्रिश 85.33 प्रतिशत व इकरा अंजुम 81.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जबकि इंटर में शिवम राजपूत 83.2 प्रतिशत व दिक्षा रानी 83.2%, तमन्ना 82.4 प्रतिशत और रक्षिता चौहान ने 82% अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज के स्टाफ ने सभी के उज्जवल भविष्य कामना की।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**हल्दौर।** भारत की जनगणना 2027 के सफल कियान्वयन के लिए दो बैच के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स द्वारा समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम बैच का प्रारंभ 23, 24 व 25 अप्रैल, 2026 एवं द्वितीय बैच का प्रारंभ 27, 28 व 29 अप्रैल, 2026 तक रहेगा। 23 अप्रैल को तीन दिवसीय प्रथम बैच का प्रारंभ जेपी यादव, जिला प्रभारी जनगणना, बिजनौर व सीमा वर्मा, चार्ज अधिकारी, जनगणना नगर पालिका परिषद् हल्दौर, विशाल शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, बिजनौर एवं रोहताश सिंह, प्रवक्ता, सीडी इंटर कॉलेज, हल्दौर, फील्ड ट्रेनर्स द्वारा सीडी इंटर कॉलेज, हल्दौर के हॉल में किया गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राघव चड्ढा...** कहा कि हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे। इसके अलावा उन्होंने यह भी जानकारी दी कि स्वाति मालीवाल और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भी भाजपा में शामिल होंगे। राघव चड्ढा ने कहा कि उन्होंने अपने खून-पसीने से पार्टी को सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए। उनके अनुसार, पार्टी अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिकता से पूरी तरह भटक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी अब देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है। बल्कि, यह व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य कर रही है। चड्ढा ने महसूस किया कि वह गलत पार्टी में सही आदमी हैं। संदीप पाठक ने इस दौरान कहा कि मैंने अपने जीवन में नहीं सोचा था ये स्थिति आएगी, और ये आ गई। मैं किसान परिवार से आया फिर पढ़ाई लिखाई की। मैं राजनीति में सिर्फ इस मकसद से आया कि देश के लिए कुछ बड़ा कर सकूं। देश सेवा के मकसद से ही आम आदमी पार्टी में जुड़ा था। दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा पार्टी के अहम मुद्दों पर अपेक्षाकृत शांत नजर आ रहे थे। विपक्ष जहां इसे आप के अंदरूनी मतभेद का संकेत बता रहा है।

## एनएचआरसी ने तमिलनाडु में 18 श्रमिकों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक निजी पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में 18 श्रमिकों की मौत और छह अन्य के घायल होने की घटना का स्वत: संज्ञान लिया है एनएचआरसी ने आज बताया कि आयोग ने तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टानारपट्टी क्षेत्र में निजी पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट का स्वत: संज्ञान लिया है। इस विस्फोट में कम से कम 18 श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। खबरों के अनुसार 19 अप्रैल को जब यह घटना घटी, तब कारखाने में महिलाओं सहित 100 से अधिक श्रमिक मौजूद थे। बताया जा रहा है कि रासायनिक मिश्रण और निर्माण प्रक्रिया के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुआ। खबरों के मुताबिक जिले में हाल ही में हुई इसी तरह की एक घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी। आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट में दी गई जानकारी सही है, तो इससे पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के मामले सामने आते हैं। आयोग ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और विरुधुनगर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# बेहतर दिल्ली के लिए युकां मई से शुरू करेगी अभियान

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जीवन को बेहतर बनाने के लिए उसका युवा संगठन युवा कांग्रेस ने 'बेहतर दिल्ली, संवाद, संघर्ष और समाधान' कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत मोहल्ला स्तर पर नागरिकों के साथ संवाद के लिए अभियान चलाया जाएगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय कालरा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की तस्वीर को तबाह किया जा रहा है और दुनिया भर में भारत की राजधानी दिल्ली की पहचान सबसे बड़े प्रदूषित शहर के रूप में हो रही है। उन्होंने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके भ्रष्टाचार की वजह से दिल्ली के लोगों का सम्मानजनक जीवन जीने का हक छिन गया है। माकन ने कहा कि दिल्ली को बर्बाद करने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार यहां की तबाह की गई सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और आये दिन हो रहे निर्माण कार्य हैं। दिल्ली में प्रदूषण तथा अन्य समस्याओं का समाधान इन दिक्कतों की वजह से सबसे ज्यादा बढ़ रहा है और प्रदूषण दिल्ली के लोगों के लिए गहरा संकट बन गया है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार ने मनरेगा खत्म किया है, तब से शहरों पर दबाव बढ़ गया है और देश की 40 प्रतिशत आबादी गांव में रोजगार नहीं मिलने के कारण शहरों की तरफ पलायन कर रही है। उन्होंने कहा मनरेगा खत्म होने से रेहडी पटरी वाले, गिग वर्कर्स तथा अन्य की समस्याएं शहरों में बढ़ रही है, जिससे लोगों का शहरी जीवन ज्यादा कठिन हो गया है।



■ दुनियाभर में भारत की राजधानी दिल्ली की पहचान प्रदूषित के रूप में पहचान है

## ग्राम स्वराज से ही मजबूत होगा लोकतंत्र: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंचायतों को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया और कहा है कि ग्राम स्वराज से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। खड़गे ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायती राज सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है और भारत की असली ताकत गांवों में बसती है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा, जिसे महात्मा गांधी और विनोबा भावे ने आगे बढ़ाया, आज भी देश के विकास की दिशा तय करती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री राजिव गांधी के प्रयासों से 73वां संविधान संशोधन लागू हुआ, जिससे पंचायती राज संस्थाओं को संस्थागत मजबूती मिली और लोकतंत्र जमीनी स्तर तक पहुंचा।

# हाईवे पर टैम्पू पलटने से बुजुर्ग का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** हाईवे पर शिवपुरी के गैस गौदाम के समीप यात्रियों से भरा टैम्पू पलट गया। हादसे में 87 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि चालक सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए।



## चालक सहित तीन अन्य घायल

प्राप्त समाचार के अनुसार दहलावाला रूट पर चल रहा टैम्पू हादसे का शिकार हो गया। उसे रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम अठवारियों वाला निवासी कुड़वा सिंह पुत्र छोटे सिंह चला रहे थे। टैम्पू में मानियावाला निवासी फहीम अहमद और उधोवाला निवासी बुद्धदेव सिंह (87) समेत कुल पांच यात्री सवार थे। गैस एजेंसी गोदाम के पास चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे टैम्पू अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने टैम्पू के नीचे दबे यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि बुद्धदेव सिंह और उदय सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल बुद्धदेव सिंह को काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भतीजे सुरेंद्र सिंह ने बताया कि चाचा बुद्धदेव सिंह बैंक के काम से अफजलगढ़ जा रहे थे।

थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि टैम्पू को कब्जे में ले लिया गया है। प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज रफ्तार व लापरवाही से ओवर टेक करना सामने आया है। चालक का भी उपचार चल रहा है।

# जिला प्रशासन को दो टूक चेतावनी

## कोर्ट के आदेश का पालन करे, नहीं तो खुद काटेंगे गन्ना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर के खिरनी क्षेत्र में विवादित भूमि को लेकर भाकियू अराजनीतिक के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और किसी बाहरी दबाव की वजह से निष्पक्ष कार्रवाई न करने पर 27 अप्रैल को खेत पर पहुंचकर खुद ही गन्ना कटाई करने का ऐलान किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारियों ने आज दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि गाटा संख्या 30, मौजा सलारपुर स्थित भूमि संगीता पत्नी धर्मेंद्र द्वारा विधिवत बैनामे के माध्यम से लगभग दो वर्ष पूर्व क्रय की गई थी। उक्त भूमि पर कब्जा एवं खेती का कार्य निरंतर संगीता द्वारा किया जाता रहा है तथा वर्तमान में खड़ी गन्ने की फसल भी उन्हीं के द्वारा बोई गई थी। किन्तु सुधीर कर्णवाल द्वारा उक्त भूमि पर फर्जी एवं कूटरचित वसीयतनामा के आधार पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। सुधीर कुमार द्वारा प्रस्तुत कथित वसीयतनामे का दावा चकबंदी न्यायालय/प्राधिकारी द्वारा चार बार निरस्त किया जा चुका है। विवाद प्रशासनिक स्तर पर एवं न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश पारित किए गए हैं कि अग्रिम आदेशों तक संगीता द्वारा बोई गई फसल की बुवाई एवं कटाई में सुधीर कुमार अथवा अन्य किसी व्यक्ति द्वारा कोई व्यवधान उत्पन्न न किया जाए। इसके बावजूद एक प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति के संरक्षण में सुधीर कुमार द्वारा अपने समर्थकों के साथ मिलकर उक्त खेत पर कब्जा कराने एवं संगीता द्वारा बोई गई गन्ने की फसल को अवैध रूप से कटवाने का प्रयास किया गया। पुलिस एवं तहसील प्रशासन की सूझबूझ से किसी अप्रिय घटना एवं विवाद की स्थिति उत्पन्न होने से बच गई। किसान नेताओं ने कहा कि उन्होंने सदैव कानून एवं न्यायालय के आदेशों का सम्मान किया है। इसी कारण 23 मार्च को न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के उपरांत भी आज तक स्वयं फसल कटाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया, परंतु राजनीतिक व्यक्ति एवं उसके सहयोगियों द्वारा भूमि विक्रेता रिंकू, ओमप्रकाश तथा उनकी वृद्ध माताजी को लगातार धमकाया जा रहा है। इस संबंध में 28 मार्च को प्रार्थना-पत्र पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष मंडावर को भी प्रेषित किया जा चुका है, किंतु आज तक भी दोषियों के विरुद्ध कोई प्रभावी वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है और लगातार टेलीफोन पर जान से मारने की धमकी शराब माफिया अंकित द्वारा दी जा रही है, जो उक्त राजनीतिक व्यक्ति का साथी है। जिसके कारण उनके मनोबल बढ़े हुए हैं। वर्तमान समय में गन्ना पेराई सत्र लगभग समाप्ति पर है एवं केवल कुछ कोल्हू ही संचालित हैं। यदि उक्त खेत में खड़ी गन्ने की फसल शीघ्र नहीं कटवाई गई, तो किसान को अत्यधिक आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी। भाकियू अराजनीतिक की ओर से डीएम से मांग की गई कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए प्रशासनिक संरक्षण में संगीता के पक्ष में खड़ी गन्ने की फसल की तत्काल कटाई कराई जाए। विपक्षी पक्ष द्वारा किसी प्रकार का अवैध कब्जा, धमकी अथवा कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास रोका जाए। पूर्व में दी गई शिकायतों पर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए। संगीता संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष समरपाल सिंह की पुत्री हैं। संगठन का पदाधिकारी होने के नाते यदि जिला प्रशासन न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में विलंब करता है अथवा किसी बाहरी दबाव में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करता, तो संगठन अपने सदस्य के हितों की रक्षा के लिए 27 अप्रैल को खेत पर पहुंच कर गन्ना कटाई कराने के लिए मजबूर होंगे।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, अतुल बालियान, नतेन्द्र सिंह, सुखजिंदर सिंह उर्फ गोल्डी, सुरेंद्र सिंह, कुलबीर सिंह, समरपाल सिंह, आसिफ सिद्दीकी, लोकेंद्र सिंह, आलोक डागर, नीतू चौधरी, नर्मेंद्र सिंह, दुष्यंत, शुभम चौधरी, अंकुर उर्फ डेनी, मुकुल कुमार त्यागी, ओमप्रकाश सिंह, राकेश कुमार, पुनीत चौहान आदि शामिल थे।

## एक नजर

### माहे से टकरा कर घायल



**नजीबाबाद।** ग्राम हर्षवाड़ा निवासी अब्दुल सत्तार भट्टे वालों के भांजे मौहम्मद तय्यब अपने भाई के साथ बाइक से बिजनौर जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक हाईवे पर नीलगाय आ गई। जिससे उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में मौहम्मद तय्यब गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें देहरादून के इंद्रेश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### करंट से लाइन मैन झुलसा

**चंदक।** स्थानीय बिजली घर पर तैनात लाइन मैन सुभाष निवासी ग्राम रामजीवाला आज ग्राम खुड़ाहेड़ी के पेट्रोल पम्प के पास ट्रांसफार्मर के खम्भे पर चढ़ कर काम कर रहा था। इस दौरान खम्भे में करट आ गया। जिसकी चपेट में सुभाष आ गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया।

### बकरी पर गुलदार का हमला



**रेहड़।** हाईवे किनारे पीली नदी के पुल के पास पुलिसकर्मियों के सरकारी आवास हैं। यहां पर एक प्राइवेट इंटर कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं पर काम करने वाले बिहार के दर्जनों मजदूर अपने बच्चों सहित टिन शैड डालकर रह रहे हैं। जो इंटर कॉलेज के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। रेहड़ निवासी फहमीदा पत्नी स्व. अय्यूब तेली अपनी साथी शबीना पत्नी रहमत अली के साथ मजदूरों के टिन शैड के पास बकरी चरा रहीं थीं। तभी झाड़ियों में छिपे गुलदार ने एक बकरी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के समय मौके पर मौजूद मजदूरों और पुलिस कर्मियों ने तुरंत शोर मचाया। जिससे गुलदार बकरी को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घटना स्थल के पास ही वन विभाग का चैक पोस्ट स्थित है। सूचना मिलने पर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व से वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से यहां लगातार गुलदार को देखा जा रहा है। घटना से हाईवे किनारे टिन शैड में अपने बच्चों सहित निवास करने वाले बिहार मूल के मजदूरों में भी दहशत व्याप्त है। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बताया कि घटना स्थल पर शीघ्र ही पिंजरा लगाया जाएगा।

### भाजपाईयों ने विपक्ष को कोसा



**बिजनौर।** महिला जन आक्रोश अभियान के अन्तर्गत आज इंदिरा बाल भवन में सम्मेलन किया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल और भाजपा की प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा श्रीमती नूतन शर्मा ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने नारी शक्ति का अपमान किया है। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रावल, नरेश भाटी, दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, माया पाल, विनोद राठी, पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंन्द्र प्रताप सिंह, पं. गोपाल धीमान, अश्वनी शर्मा, हेमंत चौहान, सुधा देवी, शबाना परवीन, उपासना आर्य, नेहा शर्मा, केशव, अंकज, राहुल आदि मौजूद थे।

### आशीष शर्मा बने जिलाध्यक्ष



**बिजनौर।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल, उ.प्र. ने आशीष शर्मा को संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आशीष शर्मा की सक्रियता और सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मंडावर में आजम वकील गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने ग्राम किशनवास निवासी अधिवक्ता मौहम्मद आजम हुसैन पुत्र मौहम्मद यामीन को धारा 170, 126 व 135 बीएनएस में गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। प्रेस नोट के मुताबिक आज सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर एक ट्वीट प्राप्त हुआ, जिसे आजम हुसैन ने पोस्ट किया था। उक्त ट्वीट में मानवाधिकारों के उल्लंघन एवं फर्जी पुलिस मुटभेड़ों के संबंध में भ्रामक व असत्य आरोप लगाते हुए यह उल्लेख किया गया था कि पुलिस द्वारा एक नाबालिग लड़की एवं निर्दोष व्यक्तियों को चार दिन से बंधक बना कर रखा गया है। ट्वीट में उन्हें बंधन मुक्त कराने हेतु कार्यवाही की मांग की गई थी। पुलिस ने जब इसकी जांच की, तो पता चला कि उसके द्वारा बिना किसी साक्ष्य के पुलिस के विरूद्ध भ्रामक एवं असत्य जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई है।

## एक नजर

### आशाओं ने मांगा मानदेय




**बुंदकी।** क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों की आशा तथा आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने बढ़ते काम के दबाव और समय से मानदेय न मिलने के कारण ब्लॉक परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। उन्होंने बीपीएम को एक ज्ञापन सौंपा। आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने कहा कि काम के लिए विभाग काफी दबाव बनाता है। आधार कार्ड का मामला हो या आयुष्मान कार्ड का सत्यापन हो या कोई अन्य काम, सभी काम आशा करती हैं। लेकिन उन्हें मानदेय समय पर नहीं दिया जा रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बेबी देवी, बीना त्यागी, रीना कश्यप, प्रदीप शर्मा, हेमलता, सुनीता देवी, कमलेश देवी, ममता, रीता देवी, सुधा देवी, दिनेश कुमारी, रूपा देवी, राजकुमारी, बबीता, सरोज, राजेश्वरी, संतोष, गुड्डी, शीतल, नीतू, सुनीता, राजबाला, पिंकी, शशि, अल्पना, मालती, ज्योति देवी, सीमा देवी, कमलेश आदि मौजूद थी।

### जगमोहन बने जिलाध्यक्ष



**नजीबाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला की संतुति पर जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ द्वारा ग्राम भरेकी निवासी जगमोहन शर्मा को व्यापार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर उनका स्वागत किया गया। जिला उपाध्यक्ष चौधरी नेपाल सिंह, विवेक नायक, सरदार बलवंत सिंह, सुरेश नायक, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### शहजादपुर में वॉलीबॉल टूर्नामेंट



**नजीबाबाद।** शहजादपुर में जमीयत यूथ की ओर से वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। जिसमें किरतपुर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की। इस मौके पर साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद से जमीयत के सदर मौलाना असलम, जिला नायब सदर मौलाना जावेद, झालू के पूर्व चेयरमैन शहजाद सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का सफल आयोजन मौलाना खालिद और मुफ्ती ओसामा की देखरेख में संपन्न हुआ। विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### नूरपुर में चार बदमाश गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने मुजफ्फरनगर के थाना भोपा अंतर्गत योगेन्द्र नगर निवासी शातिर बदमाश सतीश उर्फ गुलफाम पुत्र तिरमल व सौरभ पुत्र सूरज उर्फ अजीब, ग्राम फिरोजपुर निवासी सत्यवीर पुत्र ताराचंद एवं मंडावर के दयालबाग नई बस्ती निवासी अनिल पुत्र बलराम को गिरफ्तार किया है। नूरपुर क्षेत्र के ग्राम नंगली जाजू में हुई चोरी की वारदातों को लेकर यह गिरफ्तारी की गई है। पुलिस मुठभेड़ में सतीश व अनिल के पैर में गोली लग गई। जिनके पास से एक लाख अडसठ हजार पांच सौ रुपए बरामद किए गए है। साथ ही हथियार भी बरामद किए गए है। इनका लम्बा आपराधिक इतिहास है।

# नजीबाबाद में हटाया अतिक्रमण

## मालगोदाम तिराहे से मालन नदी तक चली जेसीबी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पालिका द्वारा अभियान चला कर अतिक्रमण हटाए जाने से नागरिकों को राहत मिली है। लेकिन इसके बावजूद नगर में अभी भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला प्रशासन के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह के निर्देशन में यह अभियान मालगोदाम तिराहे से मालन नदी तक चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान चार हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक विपिन कुमार चौहान, पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, लिपिक विशेष कुमार, काजी फैसल, टैक्स कलेक्टर रूपेश कुमार, हेमन्त केशले, अवधेश कुमार, मुज्जमिल, पप्पू तथा सफाई नायक प्रीतम, राजेश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। दुकानदारों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह स्वयं अतिक्रमण न करें और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें।

### सिपाही शाने रजा का चालान

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम दीदा नंगला निवासी आबकारी विभाग (मेरठ) के सिपाही शाने रजा पुत्र अली उर्फ बाबू का अपने चाचा ईशाक पुत्र मंगलुद्दीन का मर्डर करने के आरोप में आज चालान कर दिया।

### मंडावली में वसीम गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावली पुलिस ने ग्राम शाहजहांपुर जसरथ उर्फ पुंडरी कला निवासी वसीम पुत्र रईस अहमद को गिरफ्तार किया है। उससे चोरी किया गया बिजली के ट्यूबवैलों का सामान भी बरामद किया गया है।

# विवेक में साइबर सुरक्षा पर सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय, के कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन एवं इंजीनियरिंग विभाग में आज साइबर सुरक्षा विषय पर एक विस्तृत एवं जागरूकता आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना तथा उन्हें सुरक्षित डिजिटल जीवन के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति और आमंत्रित विशेषज्ञ रजत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सेमिनार में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने डिजिटल युग में बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों ने हैकिंग, फिशिंग, रैनसमवेयर, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी और डाटा चोरी जैसे प्रमुख खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी लोगों की छोटी-छोटी गलतियों का फायदा उठाकर उनकी निजी जानकारी चुरा लेते हैं। अपने संबोधन में वक्ताओं ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सेमिनार के दौरान लाइव डेमो के माध्यम से यह भी दिखाया गया कि कैसे एक साधारण-सी लापरवाही बड़े साइबर हमले का कारण बन सकती है। इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर मिला।

चांसलर अमित गोयल ने कहा कि वर्तमान में साइबर सिक्योरिटी का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है और प्रत्येक विद्यार्थी के लिए इसकी समझ आवश्यक है। प्रो.चांसलर दीपक मित्तल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना भी है। इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती हैं। सीईओ अनिल शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर सिक्योरिटी जैसे उभरते क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करना विद्यार्थियों के करियर को नई दिशा दे सकता है। वाइस चांसलर प्रो. एनके गुप्ता ने विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों एवं उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ते हैं। डीन डा. हर्ष कुमार ने बताया कि कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों-जैसे नेटवर्क सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन, डिजिटल एथिक्स एवं साइबर कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नितीश वर्मा ने कहा कि विभाग निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिससे विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता में वृद्धि हो और वे इंडस्ट्री के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को भविष्य में साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबंधित विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं इस मौके का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया है। इस कार्य को सफल बनाने में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर नीतिश वर्मा, रिया भटनागर, डा. राशि तंवर, गरिमा चौहान आदि का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पुलिस मुठभेड़ में चार चोर गिरफ्तार

## दो को लगी गोली, 1.68 लाख रुपये और हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना कि नांगली जाजू में हुई पिछली चोरियों से जुड़े कुछ शातिर चोर बिजली घर के पास गौहावर मार्ग पर किसी और वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की। संदिग्धों ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो व्यक्तियों के पैर में गोली लगी, जबकि दो अन्य को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में घायलों ने अपने नाम सतीश उर्फ गुलाम और अनिल बताए। गिरफ्तार किए गए अन्य दो आरोपियों की पहचान सत्यवीर और सौरभ के रूप में हुई है। गिरफ्तार और घायल अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचे (315 बोर), दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और कुल 1,68,500 रुपए नकद बरामद हुए। यह धनराशि पूर्व में चोरी किए गए आभूषणों को बेचकर प्राप्त की गई थी। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।इस पुलिस मुठभेड़ के संबंध में नूरपुर थाने में एक और अभियोग पंजीकरण की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति और कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे बिजनौर जनपद के नूरपुर और नांगल थाना क्षेत्रों में रात के समय बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातें करते थे। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नूरपुर क्षेत्र के ग्राम नंगली जाजू में तीन घरों में और नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर व तिसोत्तरा में भी चोरियां की थीं।

पूछताछ में यह भी सामने आया कि चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषणों को मुजफ्फरनगर के एक सुनार को बेच दिया गया था,और उससे मिली धनराशि को आपस में बांट लिया गया था।

# बढ़ापुर गैस एजेंसी में कालाबाजारी

**फरीद खान एड.**

**बढ़ापुर।** भाकियू अंनत के पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय इण्डेन गैस एजेंसी पर कालाबा. जारी व उपभोक्ताओं को परेशान करने की नीयत से होम डिलीवरी बंद कर गैस एजेंसी से गैस लेने के लिये मजबूर करने सहित अन्य आरोप लगाते हुए गैस एजेंसी पर धरना दिया।



## किसान यूनियन ने दिया धरना

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एकमात्र इण्डेन गैस एजेंसी पर बीते करीब दो माह से गैस की किल्लत दिखाई जा रही है। जिसके चलते हुए प्रत्येक उपभोक्ता गैस की लंबी लाइनों में लगकर अपना कीमती समय गंवा कर भी गैस नही हासिल कर पा रहे है। गैस बुकिंग के लिये निर्धारित किये गए 45 दिनों के बाद बुक की गई गैस भी उपभोक्ताओं को नही मिल पा रही है। जिसके चलते हुए लगातार शिकायत के बाद बढ़ापुर इण्डेन गैस एजेंसी के नाम से संचालित एजेंसी पर भाकियू अंनत के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी शेखर पाल नेतृत्व में दोपहर बाद धरना दिया। भाकियू अंनत के धरने की खबर मिलते ही हल्का दरोगा शेखर चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। धरने के शुरू होते ही गैस एजेन्सी प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार धरनारत किसानों के बीच पहुंच गये और उनसे गैस सम्बंधित सारी समस्याओं के निदान की बात कहने लगे। जिस पर किसान यूनियन के पदाधिकारी राजी नहीं हुए। उनका कहना था कि एजेंसी मालिक या जिला पूर्ति अधिकारी उन्हें इस बात का आश्वासन दे, तभी वह धरना समाप्त करेंगे। धरने पर भाकियू अंनत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी भी शामिल रहे। धरने में महिपाल सिंह, नफीस अहमद, अजीम अंसारी, लियाकत, शराफत, अतीक, रिजवान आदि शामिल रहे। बताया जाता है कि एजेंसी संचालक लखनऊ रहते है और वह खुद को काफी प्रभावशाली मानते है। कर्मचारियों के द्वारा एजेंसी संचालक का रौब दिखा कर मनमानी की जाती है। डीएम व एसडीएम सहित कंपनी के अधिकारी इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करते हैं।

# हनी फैसल को जिलाध्यक्ष बनाया जाना अच्छा कदम : अबरार मलिक



**बुढ़नपुर।** मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अबरार मलिक ने हनी फैसल को सपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि हनी फैसल एक ऊर्जावान युवा नेता है। उन्होंने कहा कि हनी फैसल सभी को साथ लेकर चलने का काम करेंगे। जनपद की आठों सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत होगी। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की कमर तोड़ कर उन्हें बर्बाद करने में लगी है। स्मार्ट मीटर योजना भी इसी की एक कड़ी है।

# मुद्रिका चौहान ने बढ़ाया गौरव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में लार्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज भगतावाला की छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुद्रिका चौहान ने 600 में से 565 (94.16 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि दृष्टि चौहान ने 600 में से 557 (92.83 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मुस्कान कुमारी ने 600 में से 553 (92.17 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया है। अरुणा ने 600 में से 551 (91.83 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए है।

इंटरमीडिएट में लार्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज भगतावाला बिजनौर की छात्रा डोली चौहान ने 500 में से 440 (88 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए है।

# कोतवाली देहात के थाना प्रभारी विकास अपराधियों को लेकर सख्त



## कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

**विशेष संवाददाता**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात के थाना प्रभारी विकास कुमार ने अपराधियों को कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है।

कोतवाली देहात थाने की कमान संभालते ही प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दे दिए हैं। वह अपराध मुक्त बनाने के लिए कोतवाली देहात क्षेत्र में कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है और वह क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक ने विकास कुमार का स्थानांतरण नूरपुर थाने से कोतवाली देहात में करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी थी। पदभार ग्रहण करने के बाद एक मुलाकात में उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत रखना और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाना और दबंगों व अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा रहेगा।

गौरतलब है कि विकास कुमार अपने मधुर व्यवहार और कुशल कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उनसे मिलने वाला हर व्यक्ति उनके सहज और सकारात्मक व्यवहार से प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में कोतवाली देहात क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और बेहतर होगी।

# हरीश चन्द्र कॉलेज का परिणाम बेहतर

## विद्यार्थियों ने सफलता के झंडे गाड़े




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही उत्तीर्ण विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित हरीश चन्द्र स्मारक इंटर कॉलेज का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 86 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की परीक्षा में वंशिका पुत्री रामगोपाल सिंह ने 600 में से 504 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नैतिक कुमार पुत्र बबलू सिंह ने 600 में से 491 अंक प्राप्त किए। जैनब परवीन पुत्री मोबीन अहमद निवासी ग्राम मानियावाला ने 600 में से 473 अंक प्राप्त किए।

इंटरमीडिएट की परीक्षा में आयला नूर पुत्री मौहम्मद आकिल निवासी ग्राम मानियावाला और मौहम्मद जैद पुत्र मौहम्मद इकबाल निवासी सीरवासुचंद ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों ने 500 में से 428 अंक हासिल किए। जितेंद्र सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह ने 500 में से 409 अंक प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर प्रमोद कुमार पुत्र जय सिंह रहे। जिन्होंने 500 में से 408 अंक प्राप्त किए।

इस अवसर पर हरीश चन्द्र स्मारक इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश कुमार और वरिष्ठ अध्यापक विपिन कुमार चौहान ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम अध्यापकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का फल है।

## विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**बिजनौर।** कृष्णा फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बस को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया। विद्यार्थियों द्वारा एनर्जी बॉल, साइंस ऑन स्पेयर, थ्रीडी साइंस शो व फन साइंस एंड इंटरेक्टिव गैलेरीज देखीं गई जो कि उनके के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक रहा।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को योजनाओं की जानकारी

### पंपलेट बांट कर हेल्पलाइन नंबर बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहल्ला बांस मंडी में 'मिशन शक्ति अभियान 5.0' का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी और महिला कांस्टेबल प्रीति ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और कन्या सुमंगला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। इन योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

इसके अतिरिक्त, महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया।

इनमें 1090 (वीमेन हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 101 (अग्निशमन सेवा), 102 (गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के लिए एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (वीमेन हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर फ्रेंड हेल्पलाइन) शामिल थे। इन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी वाले पर्चे भी बांटे गए।

## एक नजर

### दस्तक अभियान चलाया

**रेहड़।** दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दे रहे हैं। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घरों के मुख्य द्वार पर स्टिकर भी लगा रहे हैं। वे ग्रामीणों को खाने-पीने की वस्तुओं को ढककर रखने, घरों के आसपास नालियों और गड्ढों में पानी जमा न होने देने तथा मच्छरदानी का उपयोग करने जैसे बचाव के उपाय बता रहे हैं। पीएचसी प्रभारी कासमपुर गढ़ी डा. सर्वेश निराला ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मी संक्रामक रोगों के मरीजों को भी चिन्हित कर रहे हैं। क्षेत्र में मिले संचारी रोग से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए पीएचसी पर भर्ती कराया जाएगा।

### किरतपुर ने जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट



**नजीबाबाद।** शहजादपुर में जमीयत यूथ द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट संपन्न हो गया है। इस रोमांचक मुकाबले में किरतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। इस मौके पर साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद से जमीयत के सदर मौलाना असलम, जिला नायब सदर मौलाना जावेद और झालू के पूर्व चेयरमैन शहजाद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन मौलाना खालिद और मुफ्ती ओसामा की देखरेख में हुआ। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला

**बिजनौर।** भाजपा महिला मोर्चा ने महिला जन आक्रोश अभियान के तहत विपक्ष के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन विपक्ष द्वारा महिलाओं के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में आयोजित किया गया था। अभियान की शुरुआत इंदिरा बाल भवन में आयोजित एक सम्मेलन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस सम्मेलन में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि और प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा नूतन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने देश की प्रगति में महिलाओं के अतुलनीय योगदान पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि एक ओर सरकार नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मानसिकता बार-बार महिलाओं को अपमानित कर रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सम्मेलन के समापन के बाद, क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने नुमाइश ग्राउंड चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने विपक्ष के महिला-विरोधी रवैये के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

## आवश्यकता है

प्राचार्य, प्रवक्ता

विषय- हिंदी, भूगोल, एम.एस.सी गणित, एम.कॉम

योग्यता व वेतन-यूजीसी नियमानुसार।

-: संपर्क करें :-

डी.वी.एम महाविद्यालय एंड टेक्निकल कॉलेज,
हकीकतपुर सहसू, नगीना 9319072999

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चान्दपुर ( बिजनौर )

पत्रांक: 94/न.पा.परि. चान्दपुर/नि.सू./2026 दिनांक:- 24.04.2026

### निविदा सूचना ( द्वारा ई-टेण्डर )

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा शासनादेश संख्या 696/2026/991/नौ-5-2026/001-Com No 2023518 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11 मार्च 2026 पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 09 कार्यों को कराने हेतु दिनांक 25.04.2026 से समय प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 09.05.2026 सायं 04:30 बजे तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 25.04.2026 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 09.05.2026 तक सायं 04:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 09.05.2026 को सायं 04:30 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरे डाल सकते हैं। निविदाओं को दिनांक 09.05.2026 को ही साय: 05:00 बजे खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrance Number | |
| Publish Date and time for RFP | 25.04.2026 को प्रात: 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 09.05.2026 को सायं 04:30 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 09.05.2026 को सायं 05.00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tender list |

नोट:- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चान्दपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चान्दपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चान्दपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

**( कु. सलमा नूर हमीदी )** लेखाकार अके.
**( अजय कुमार )** अवर अभियन्ता ( जल )
**( प्रिन्स कुमार )** अधिशासी अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर
**( जीनत परवीन )** अध्यक्ष

## नितिन कुमार प्रथम

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एलएलबी विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ लॉ का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छात्र नितिन कुमार ने 70.00 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, हिमानी तेवतिया ने 67.60 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व जितेश अदलाख ने 66.60 अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलएलबी पंचम सेमेस्टर के छात्र प्रिंस भारती ने 60.80 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अजय कुमार ने 59.80 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व गौरव सिंह ने 58.60 अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एंव विभाग के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द

जोगीपुरा, नजीबाबाद, जनपद बिजनौर

**फोन नम्बर- 01343-245786, 7300673110**

### नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि दरगाह ए आलिया नजफ हिन्द जोगीपुरा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर पर इस साल सालाना मजलिस के प्रोग्राम का आयोजन 21 मई, 2026 से 24 मई 2026 तक किया जा रहा है। इस सिलसिले में मीठा, कोल्डड्रिंक, आइसक्रीम, बिजली, हेंडपाइप, टंकी आदि काम के ठेके दिनांक- 03/05/2026 दिन रविवार, समय सुबह 10:00 बजे दिये जाएंगे। अत: इच्छुक हजरात उक्त दिनांक को समय से दरगाह ए आलिया नजफ हिन्द जोगीपुरा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर, आकर ठेका ले सकते है।

**कोषाध्यक्ष**

# विनायक का शानदार स्वागत

## आरएसएम के छात्र ने जनपद में पाया तीसरा स्थान, परिवार में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उ.प्र.माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के बाद क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों की सफलता का जश्न देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में धामपुर क्षेत्र के आरएसएम इंटर कॉलेज के छात्र विनायक कुमार ने जनपद की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है।

विनायक कुमार ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा के नेतृत्व में शिक्षक एवं कर्मचारियों की टीम शेरकोट के मौहल्ला फतेहनगर स्थित उनके आवास पहुंची। वहां छात्र का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर विद्यालय परिवार के देवराज सिंह, राजेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अमनप्रीत कौर, विनोद कुमार, जिला मंत्री अभिषेक कुमार सहित अन्य शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि विनायक कुमार की मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। वहीं छात्र विनायक कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो पाई है। इस मौके पर छात्र के पिता सुभाष प्रजापति, माता गीता देवी, बाबा शोनाथ सिंह, चाचा सुशील कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। छात्र की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

# नालियों में पानी से बहाया जा रहा गोबर

## मौहल्ला शेखान में मंडरा रहा बीमारियों का खतरा, नागरिक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान में गंदगी बदबू और जल बर्बादी की समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। क्षेत्र में कुछ लोगों पशु पाल रखे हैं। जिनके गोबर और मूत्र को समरसेबल चलाकर सीधे नालियों में बहा दिया जाता है। इससे नालियां गंदगी से भर रही हैं और गंदा पानी सड़कों तक फैलने लगा है।



मौहल्लेवासियों का कहना है कि पशुओं का गोबर नालियों में डालने से नालियां बार-बार चोक हो जाती हैं। जिससे पूरे इलाके में तेज बदबू फैलती है और राहगीरों के साथ-साथ आसपास के कारोबारी भी परेशान रहते हैं। कई स्थानों पर नाली का पानी सड़क पर जमा रहने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ पशुपालक समरसेबल चलाकर जरूरत से ज्यादा पानी भरते हैं और बटन दबाकर घंटों पानी बहने देते हैं। इससे न केवल नालियां गंदगी से लबालब हो जाती हैं बल्कि भूमिगत जल का भी भारी दोहन हो रहा है। लोगों का कहना है कि पानी की इस तरह बर्बादी भविष्य में मानव जीवन के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकती है। नालियों की सफाई करने के कुछ ही समय बाद फिर वही स्थिति बन जाती है जिससे मेहनत बेकार चली जाती है और सफाई व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल हो जाता है।

मौहल्ले के नागरिकों का कहना है कि कई बार समझाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है लोगों ने अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए नालियों में गोबर व अनावश्यक पानी बहाने वालों पर प्रभावी रोक लगे तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए ताकि क्षेत्र को गंदगी और बदबू से राहत मिल सके।

# बिजनौर में 'पदों का खेल' उजागर सफाई कर्मी बने ड्राइवर-ऑपरेटर

### मूल काम से हटा कर अन्य ड्यूटी, भर्ती पर ब्रेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में सफाई व्यवस्था से जुड़ा एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों को उनके मूल कार्य से हटाकर ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर और अन्य गैर-स्वीकृत कार्यों में लगाया जा रहा है। इससे न केवल सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि इन पदों पर नई नियुक्तियों की आवश्यकता भी समाप्त मान ली जा रही है।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जब संबंधित कार्य पहले से ही सफाई कर्मियों से कराया जा रहा है, तो प्रशासन अलग से भर्ती की जरूरत नहीं समझ रहा। इसका सीधा असर बेरोजगार युवाओं पर पड़ रहा है, जो इन पदों के लिए अवसर की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**जिस काम के लिए भर्ती, वही काम क्यों नहीं?**

जानकारों का कहना है कि प्रत्येक कर्मचारी की नियुक्ति एक निर्धारित कार्य के लिए होती है। ऐसे में यदि सफाई कर्मियों से अन्य कार्य लिए जा रहे हैं, तो यह व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यक्षमता दोनों पर सवाल खड़े करता है। इससे सफाई व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी असर पड़ने की आशंका है।

इस मामले में केवल ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद भी अछूते नहीं हैं। आरोप है कि शहरी निकायों में भी इसी तरह की व्यवस्था लागू है, जहां सफाई कर्मियों को वैकल्पिक कार्यों में लगाया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पदों का इस तरह "आंतरिक समायोजन" किया जाता रहा, तो नए पद सृजित होने और भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की संभावनाएं कम हो जाती हैं। इससे स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी की समस्या और गहरा सकती है।

जनपद में उठ रहे इन सवालों के बीच अब उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारियों से वही कार्य लिया जाए, जिसके लिए उनकी नियुक्ति हुई है। क्या विभाग इस व्यवस्था को सुधारकर नई भर्ती का रास्ता खोलेगा, या फिर यही "एडजस्टमेंट मॉडल" आगे भी चलता रहेगा, इसका जवाब आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

# एचएल कार्य का सत्यापन एवं निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जनगणना कार्य के अंतर्गत जिला स्तर पर गठित एचएल हाउस लिस्टिंग टीम के कार्यों का सत्यापन एवं निरीक्षण जिला जनगणना अधिकारी जेपी यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों एवं क्षेत्रीय कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का अभियान है इसलिए प्रत्येक कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आंकड़ों की शुद्धता घर-घर सर्वेक्षण की गुणवत्ता तथा रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने जनगणना से जुड़े समस्त अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। उनके द्वारा किए जा रहे समन्वय एवं प्रशासनिक सहयोग की अधिकारियों ने प्रशंसा की। वहीं चुनाव कार्यालय से जुड़े अधिकारियों की उपस्थिति में जनगणना एवं निर्वाचन कार्यों के बेहतर तालमेल पर भी चर्चा की गई। चुनाव अधिकारी द्वारा बताया गया कि आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए जनगणना आंकड़ों की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत आधार मिल सके निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने तथा शासन के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

# सफाई व्यवस्था में 'सिस्टम' की सफाई कब?

## मेहरबानियों का खेल या प्रशासनिक लापरवाही, बिजनौर में उठे गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद की सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों में असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। विभाग के भीतर कथित अनियमितताओं और दोहरी व्यवस्था के आरोपों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कई सफाई कर्मियों ने बताया कि कुछ चुनिंदा कर्मचारियों को विशेष सुविधा दी जा रही है, जबकि बाकी कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

कर्मचारियों का आरोप है कि कई सफाई कर्मी फील्ड ड्यूटी से हटाकर कार्यालयों में कंप्यूटर कार्य या अधिकारियों के निजी कार्यों में लगाए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ कई स्थानों पर नियमित कर्मचारी अपने स्थान पर दिहाड़ी मजदूरों से काम करवा रहे हैं और स्वयं पूर्ण वेतन प्राप्त कर रहे हैं।

### जानकारी का अभाव या जिम्मेदारी से दूरी?

सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर विभाग में कर्मचारियों की संख्या तो बता पाए, लेकिन तैनाती संबंधी जानकारी देने में असमर्थ दिखे। फोन पर बातचीत के दौरान कॉल कटने और पुन: संपर्क न हो पाने से स्थिति और स्पष्ट नहीं हो सकी। इधर कर्मचारियों के बीच यह चर्चा तेज है कि विभागीय निगरानी कमजोर पड़ गई है, जिसके चलते अनियमितताओं को बढ़ावा मिल रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन सवाल बड़े हैं और जवाब का इंतजार है।

सूत्रों के अनुसार कुछ गांवों में सफाई कार्य ठेके या निजी स्तर पर कराया जा रहा है। इससे न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है, बल्कि जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से मेहनती कर्मचारियों का मनोबल भी गिर रहा है।

कर्मचारियों का दावा है कि संबंधित अधिकारियों को इन गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

इस संबंध में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी छविनाथ सोनकर (ADPRO) से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि विभाग में लगभग 2911 कर्मचारी कार्यरत हैं, हालांकि किस कर्मचारी की तैनाती कहां है, इसकी उन्हें तत्काल जानकारी नहीं है। बातचीत के दौरान कॉल कट गया और पुन: संपर्क नहीं हो सका। वहीं सीडीओ रणविजय सिंह ने कहा सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में उठे इन गंभीर आरोपों के बाद अब निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यह देखना अहम होगा कि जांच के जरिए सच्चाई सामने आती है या मामला केवल आश्वा. सनों तक सीमित रह जाता है।

## एक नजर

### मेधावी छात्राओं का स्वागत



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पवित्रा पाल, सना प्रवीन, रुद्राक्षी वर्मा व आलिया प्रवीन का विद्यालय परिसर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह सफलता छात्राओं के परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा लेते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षिका प्रीति रानी,रुचिका, प्रभुता, सुषमा कुमारी, सुनीता रानी उपस्थित रहे। मेधावी छात्राओं को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### समाजसेवी सौरव राणा सम्मानित



**चांदपुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बहसूमा रियासत हस्तिनापुर (मेरठ) द्वारा महाराजा जयकरण सिंह एवं राजमाता अत्री देवी की स्मृति में प्रारंभ किए गए जयत्री पुरस्कार से सौरव राणा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण तथा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके सक्रिय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त एक गरिमामयी समारोह में पूर्व राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान की गरिमामयी उपस्थिति में सौरव राणा को हस्तिनापुर सम्मान से भी विभूषित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ एवं वैदिक विद्वान स्वामी कर्मवीर जी महाराज पूर्व राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान व डा. यतींद्र कटारिया तथा आदर्श कुमार द्वारा प्रदान किया गया। गौरतलब है कि सौरव राणा लंबे समय से समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और हिंदी भाषा के संवर्धन में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सौरभ राणा को मिले इस सम्मान पर चांदपुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### स्वच्छता अभियान को मिली रफ्तार



**स्योहारा।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य पालिका द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। चेयरमैन फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में नगर के सभी वार्डों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेवा अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में वार्ड संख्या-20 में भाजपा सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने अभियान की कमान संभालते हुए पालिका कर्मचारियों के साथ क्षेत्र की गलियों मौहल्लों और चौराहों पर व्यापक सफाई एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने कहा कि पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित रूप से आती है। इसलिए नागरिक अपना कूड़ा उसी में डालकर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। अभियान में वार्ड के नागरिक मुकेश कुमार रस्तोगी, हरिओम वर्मा, बबलू रस्तोगी, सनी रस्तोगी, पप्पू ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### उत्तम मिल ने किया गन्ने का समस्त भुगतान

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल ने पेराई सत्र 2025-26 में खरीदे गए समस्त गन्ने का भुगतान किसानों से संबंधित समितियों को भेज दिया है। इसके साथ ही गन्ने की कम उपज पर मिल प्रशासन ने चिंता व्यक्त की। आज उत्तम शुगर मिल बरकतपुर के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में मिल ने 122.18 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की थी। जिसका अब तक समस्त भुगतान 480. 46 करोड़ रुपए किसानों की संबंधित समिति में भेज दिया है। इसके साथ ही उन्होंने गन्ने की कम उपज होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को रोगग्रस्त गन्ना प्रजाति 0238 कदापि नहीं बोना चाहिए, साथ ही उन्होंने किसानों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अतुलनीय सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

### पेड़ों पर आरा चलने से चिंता बढ़ी



**स्योहारा।** क्षेत्र में इन दिनों पेड़ों के लगातार हो रहे कटान को लेकर ग्रामीणों में चिंता का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद में हाल ही में तुन और शीशम के पेड़ों के कटे होने की चर्चा ग्रामीणों के बीच तेजी से फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हरियाली लगातार कम होती दिखाई दे रही है और पेड़ों का कटान अब आम होता जा रहा है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही ग्राम मुकरपुरी में भी आस्था से जुड़ा एक पुराना पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद से ग्रामीणों में यह चर्चा और तेज हो गई है कि इलाके में लकड़ी कटान की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सीमित संख्या में पेड़ों की अनुमति ली जाती है, लेकिन मौके पर उससे अधिक पेड़ों का कटान कर दिया जाता है। इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र की हरियाली को भारी नुकसान पहुंच रहा है। लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह पेड़ कटते रहे, तो आने वाले समय में पर्यावरण और मौसम पर भी इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर प्रभावी निगरानी रखने तथा हरियाली संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## एक नजर

### पत्रकार ने रक्तदान कर जान बचाई



**शेरकोट।** मानवता की मिसाल पेश कर शकाफत एस भारती ने एक बार फिर रक्तदान कर जरूरतमंद महिला की सहायता की। वही इस कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। एक महिला को ऑपरेशन के दौरान अचानक ब्लड की जरूरत पड़ गई। महिला के परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से रक्तदान के लिए गुहार लगाई। तत्परता दिखाते हुए पत्रकार शकाफत एस भारती ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान के बाद महिला के परिजनों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए इसे मानवता का सराहनीय कार्य बताया। वहीं शकाफत एस. भारती ने बताया कि वे पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं और जरूरतमंदों की मदद करके उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्तियों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए और रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में भ्रांति कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है, जो पूरी तरह गलत है। वे स्वयं आधा दर्जन से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहा है।

### मस्जिद में चोरी का खुलासा



**नांगल सोती।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में 29 मार्च की रातचोरों ने नूरानी मस्जिद से दानपात्र चोरी कर लिया था। चोर दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी 40-50 हजार की नगदी चोरी कर ले गए थे। जिसकी प्राथमिकी थाने में दर्ज की गई थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आज ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी आतिफ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 3100 की नगदी भी बरामद की है। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि आतिफ ने सुंगरपुर बेहड़ा निवासी उस्मान, सुल्तान, अब्दुल्ला, इस्खार, के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### अब्दुल मन्नान ने प्रथम स्थान पाया



**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत तथा मानविकी वर्ग का 76 प्रतिशत रहा। इसी तरह हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में अब्दुल मन्नान ने 410/500 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौहम्मद अर्श ने 370/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अब्दुल रहमान ने 356/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानविकी वर्ग में अब्दुल हादी ने 348/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि मौहम्मद अयान ने 327/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में मौहम्मद जैद आलम ने 495/600 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अबुबकर ने 466/600 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुमताज अहमद विद्यालय प्रबंधक, प्रबंध समिति, इशरत जमाल आरिफ-प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जांच टीम ने दर्ज किए बयान



**शेरकोट।** लगभग दस दिन पूर्व महिला चिकित्सक के क्लीनिक में देर रात जांच के नाम पर नोडल अधिकारी और उनके साथ आए एक अन्य व्यक्ति द्वारा डा. सना के साथ अभद्रता के मामले में अधिकारियों के निर्देश पर अस्पताल पहुंच कर जांच टीम ने महिला चिकित्सक के बयान दर्ज किए। मालूम हो कि 15 मार्च को नगर मौहल्ला फतेहनगर स्थित महिला चिकित्सक सना खान के अस्पताल पर रात्री के समय नोडल अधिकारी सहित अन्य लोगों ने अस्पताल खुलवाकर जांच करने के नाम पर महिला चिकित्सक ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए डीएम सहित अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई थी। जिस पर आज डीएम के निर्देश पर एसडीएम धामपुर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया था। जिसमें डा. देवेंद्र और डा. आरके विश्वकर्मा को शामिल किया गया। जांच टीम चांदनी क्लीनिक पहुंची और मौके पर जांच करते हुए शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए। इस दौरान टीम में नायब तहसीलदार कपिल आजाद, डा. देवेंद्र और डा. विश्वकर्मा मौजूद रहे। जांच टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित तथ्यों को एकत्र किया है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उधर प्रकरण को लेकर स्थानीय चिकित्सकों और नागरिकों में भी चर्चा बनी हुई है, वहीं पीड़िता न्याय की उम्मीद लगाए बैठी है।

### कचरे के ढेर में मिली एक्सपायरी मैंगो माजा

**अफजलगढ़।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में एक्सपायर डेट और नकली खाद्य व पेय पदार्थ बेचे जा रहे हैं। जिसका कुप्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिसका प्रमाण है अफजलगढ़-जसपुर मार्ग पर दो अलग-अलग स्थान पर हजारों की संख्या में कचरे के ढेर में पड़ी एक्सपायर डेट 2024 मैंगो मांजा है। जिसका मुख्य कारण खाद्यान्न विभाग की घोर लापरवाही है। गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों की पसंदीदा ठंडा पेय पदार्थों में मैंगो मांजा है, जो छोटे-छोटे बच्चे नगर वह ग्रामीण क्षेत्रों में परचून की दुकानों आदि से खरीद कर पी लेते हैं जिनको यह भी ज्ञान नहीं होता है वह पर पदार्थ पीने योग्य भी है या नहीं कहीं उसकी डेट एक्सपायर तो नहीं है। पाउच बड़ी संख्या में नगर के समीपवर्ती मेघपुर मोड़ के पास सड़क किनारे पड़े मिले।

# 29 लाख की लागत से लौटी कारवां की सराय किले के गेट की भव्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बरसों से वीरान और अतिक्रमणमुक्त होकर और अपनी भव्यता व कायाकल्प की आस लगाये एतिहासिक कारवां की सराय किले के गेट की भव्यता 29 लाख रूपये में लौटी। अब जल्द ही इसे बड़ा टूरिस्ट हब बनने की ओर कदम बढ़ाये जा रहे हैं।

**131 दिन बाद उच्च न्यायालय के आदेश से मिली रिहाई**

सम्भल में तीर्थ और कुंआ खोजो अभियान में जुटे प्रशासन की नजर सौंधन मौहम्मदपुर स्थित शाहजहां कालीन कारवां की सराय किले के बचे गेट पर पड़ी। इस ऐतिहासिक धरोहर को संवारने की दिशा में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बड़ा कदम उठाया। डीएम के नेतृत्व में किले के मुख्य प्रवेश द्वार 'कारवां सराय' की भव्यता वापस लाने और इसका पुनरूद्वार सफलता पूर्वक कराने के लिए कार्य की शुरुआत 5 जनवरी 2025 को करायी गयी। जबकि फरवरी 2026 में इस कार्य को पूरा कर लिया गया। किले की मुगल बादशाह शाहजहां कालीन भव्यता लाने को करीब 29 लाख रुपये खर्च हुए। इस पुनरुद्वार में पारंपरिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। राजस्थान और झांसी के कारीगरों ने चूना, सुर्खी, गुड़, बेलगिरी और डस्ट जैसी पुरानी निर्माण सामग्री से इस ऐतिहासिक ढांचे को फिर से जीवंत कर दिया। किले के इस हिस्से में मेहराबदार प्रवेश द्वार और पहरेदारों के दो मंजिला कक्ष अब बेहद आकर्षक नजर आ रहे हैं। हालांकि, अभी केवल आंशिक क्षेत्र (करीब 3600 वर्ग मीटर में से एक हिस्सा) ही विकसित किया गया है। शेष क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने पशु बांधने और अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रभावित लोगों को वैकल्पिक आवास देने की योजना भी बनाई जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि सम्भल में कुल 9 एएसआई संरक्षित स्थल हैं, जिनमें से कई पर पुनरुद्वार कार्य जारी है। फिरोजपुर किला भी अगले सप्ताह तक तैयार होने की उम्मीद है।



सम्भल। 29 लाख की लागत से अपनी भव्यता को दर्शाता सौंधन मौहम्मदपुर में शाहजहां काल का किले का गेट।



सम्भल- भव्यता बहाल कराकर आसपास किए अतिक्रमण को किले की छत से निहारते डीएम एसपी

# एल्डर कमेटी के अध्यक्ष बने अजयपाल गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बार वैलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर की एक



अस्थायी बैठक बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव की अध्यक्षता में समस्त एल्डर कमेटी के सदस्यो के साथ आहूत की गई। बैठक में एल्डर कमेटी के सदस्य अब्दुल सलीम ने सुझाव दिया. कि एल्डर कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव होना है।

**सीनियर मोस्ट अधिवक्ता का निर्विरोध किया गया चुनाव**

जिसमे वायलाज के अनुसार सर्वश्रेष्ठ सीनियर को एल्डर कमेटी का अध्यक्ष होना चाहिए।

इसलिए सर्वसम्मति से सीनियर मोस्ट अधिवक्ता अजयपाल गुप्ता को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाता है। सर्वसम्मति से व हर्ष ध्वनि के साथ उपरोक्त प्रस्ताव पारित किया जाता है। इस दौरान बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेश चन्द्र यादव, अजयपाल गुप्ता, धनेश चन्द्र गौड़, भगवान सिंह, अब्दुल सलीम आदि रहे।

उधर अधिवक्ताओं ने उनके निर्विरोध निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त किया।

इस दौरान श्रीकृष्ण भारद्वाज, महीपाल सिंह, अम्बरीष, मन्नू सिंह, भानुप्रकाश, बीरेश, ब्रह्मराज आदि रहे।

# क्षेत्र में पारा चढ़ने के साथ बिगड़ी सेहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भीषण गर्मी और गर्म हवाओं ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक सड़कें सूनी रहीं। लगातार बढ़ती गर्मी का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल और निजी क्लीनिकों में सिर दर्द, उल्टी, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दोपहर के समय धूप का असर सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। सड़कों और बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। धूप से बचने के लिए लोग छाता, गमछा और चश्मे का सहारा ले रहे हैं।

**सड़कों पर पसरा सन्नाटा, गमछा, छाता, चशमा बिना नहीं निकल रहे लोग**

जिन लोगों को बाजार में आना-जाना है, वह सुबह और शाम को ही घर से निकलना पसंद कर रहे हैं। शुक्रवार को अधिकतम 40 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि गर्मी में पारा दिन-व-दिन ऊपर चढ़ेगा।

# ईवीएम वीवीपेट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने नगर के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर व बिजली संकट पर किसानों ने खोला मोर्चा

**प्रदर्शन कर 30 अप्रैल तक की दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** स्मार्ट मीटर को लेकर मच रही हाय तौबा और बिजली संकट पर किसान भड़क गए। भाकियू कार्यकर्ताओं ने बिजली संकट पर रोष जताया और बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसानों ने प्रर्दशन कर 30 अप्रैल तक समस्याओं का समाधान न होने पर बड़े आन्दोलन की चेतावनी दी।



सम्भल- बिजली समस्याओं के विरोध में प्रर्दशन करते भाकियू असली के कार्यकर्ता।

जनपद में बिजली संकट को लेकर किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (असली) के बैनर तले किसानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश प्रवक्ता जयवीर सिंह यादव ने बताया कि सम्भल डिवीजन के हसनपुर मुंजबता क्षेत्र सहित कई गांवों में बिजली आपूर्ति बेहद खराब है, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा और फसलें बर्बादी के कगार पर हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें तीन-तीन दिन बाद बिजली मिल रही है, जिससे मक्का की तैयार फसल झुलस रही है। पहले ही आलू की फसल में नुकसान झेल चुके किसान अब पूरी तरह टूटने की कगार पर हैं। उनका सवाल है कि अगर फसल ही नहीं बचेगी तो परिवार का पालन-पोषण कैसे होगा। वहीं, पल्था गांव में बिजली लाइन की समस्या को लेकर भी किसानों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद लाइन ठीक नहीं कराई गई, जिससे गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर को लेकर भी किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का आरोप है कि जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों से 15-15 दिन में 5 से 7 हजार रुपये तक के बिजली बिल आ रहे हैं, जिससे गरीब और मजदूर वर्ग की कमर टूट रही है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अधिशासी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 30 अप्रैल तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर धारना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# पात्र ग्रहस्थी कार्ड धारकों को नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारको को 21 किग्रा. गेहूँ व 14 किग्रा. चावल (कुल 35 किग्रा) प्रति राशनकार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारको को उनके कार्ड से सम्बद्व प्रत्येक यूनिट पर 03 किग्रा गेहूँ व 02 किग्रा चावल (कुल 05 किग्रा) प्रति यूनिट खाद्यान्न का नि: शुल्क वितरण कराया जा रहा है।

**घटतौली अथवा निर्धारित मात्रा से कम की शिकायत पर कार्रवाई की चेतावनी**

आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग के तहत खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत गेहूँ एवं चावल के वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 08.05.2026 होगी। आधार प्रमाणीकरण के मायम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं को वितरण के समय उपभोक्ता का ई-पॉश मशीन पर अगूँठा लगवाने के उपरान्त तत्काल पूर्ण मात्रा में नि: शुल्क गेहूँ एवं चावल निर्धारित मात्रा में कार्डधारकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। जबकि प्रत्येक उचित दर दुकान से अनिवार्य रूप से न्यूनतम 10 लाभार्थियों को आईरिस स्कैनर द्वारा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए, खाद्यान्न का वितरण करायेगा। यदि खाद्यान्न वितरण में घटतौली की शिकायत प्राप्त होती है और जॉचोंपरान्त पुष्टि होने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# रिक्रूटों का पासिंग आउट परेड पूर्वभ्यास सम्पन्न

**पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। उनके दीक्षांत पासिंग आउट परेड का पूर्वाभ्यास उत्साह एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हो गया।

बहजोई के ईश्वर दास टेक्निकल इन्सटीटड्ट, बहजोई मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण उपरांत आयोजित होने वाली दीक्षांत/पासिंग आउट परेड का पूर्वाभ्यास उत्साह एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने परेड की सलामी ली। जबकि परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्कृष्ट तालमेल, अनुशासन एवं ड्रिल का उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड की विभिन्न व्यवस्थाओं/परेड गठन, कमांड एवं कंट्रोल, ड्रेस, कदमताल तथा सुरक्षा प्रबंध का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को देश की सेवा, अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण तथा भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई, जिससे उनके भीतर कर्तव्यबोध एवं राष्ट्रसेवा की भावना और सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत , प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, आरटीसी प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शर्मा सआदि मौजूद रहे।



सम्भल- रिक्रूट परेड की सलामी लेकर शपथ दिलाते पुलिस अधीक्षक।

# स्कूटी से बचाने को कार पेड़ से टकराई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना क्षेत्र में राजघाट से लौटते समय एक कार स्कूटी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार चालक समेत चार लोग घायल हो गए। यह घटना गंगा घाट राजघाट रोड पर हुई बबराला निवासी वीरपाल पुत्र रामप्रसाद अपनी कार से स्नान कर घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही स्कूटी पर बबराला नगर के कल्लू नगला मोहल्ला निवासी अंकुर पुत्र मुनेंद्र अपनी मां रानी और बच्चों के साथ सवार थे स्कूटी से बचने की कोशिश में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चालक वीरपाल और स्कूटी सवार अंकुर उनकी मां रानी तथा एक बच्चा घायल हो गए सभी घायलों को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में कार चालक वीरपाल की गंभीर हालत को देखते हुए। चिकित्सकों ने उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया।

**चार गम्भीर घायल, कार चालक को चिंताजनक हालत में किया रैफर**

# राजघाट बबराला घाट पर हुई महाआरती

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर शाम राजघाट के बबराला गंगा घाट पर मां गंगा की भव्य महा आरती की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृश्रालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा सप्तमी पर राजघाट गंगा घाट स्थित बबराला घाट पर भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। मां गंगा जन कल्याण समिति के तत्वावधान में काशी के पांच पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती संपन्न कराई गई। आरती शुरू होने से पहले मुख्य यजमान विकास यादव और हृदयेश वार्ष्णेय द्वारा विधि-विधान से मां गंगा का पूजन कराया गया। इसके बाद करीब 40 मिनट तक चली महाआरती में श्रृद्वालुओं ने आस्था के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर उमेश वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, सतेंद्र गौतम, विवेक वार्ष्णेय और मोनू शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। गंगा सप्तमी के मौके पर घाट पर विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। पूर्व चेयरमैन लता कुमारी, मनीषा,नवलेश वार्ष्णेय, मोहरपाल, महेन्द्रपाल और योगेश वार्ष्णेय सहित अन्य श्रृद्वालुओं ने भंडारे कराए। वहीं गंगा मेडिकल के गोविंद वार्ष्णेय, राम कुमार और ख्रष्ण कुमार (लहरा) द्वारा भी प्रसाद वितरण किया गया। समिति की ओर से मां गंगा को दूध, साड़ी, श्रृंगार सामग्री, फल और मिठाई अर्पित की गई। इसके साथ ही श्रृद्वालुओं को बूंदी और बिस्कुट का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान घाट पर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर महाआरती करते श्रृद्वालु।

# एयर कंडीशन बसें न मिलने से हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीषण गर्मी के बीच एसी बसों की कमी से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर लंबे इंतजार के बावजूद यात्रियों को एसी बसें नहीं मिल पा रही हैं, जिससे सफ़र करना मुश्किल हो गया है। यात्रियों का कहना है कि गर्मी से बचने के लिए वे एसी बसों का सहारा लेते हैं, लेकिन इनकी संख्या कम होने के कारण उन्हें मजबूरी में साधारण बसों में सफर करना पड़ रहा है। इससे न केवल असुविधा हो रही है बल्कि स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। बस स्टैंड पर अव्यवस्था और बसों की कमी के चलते कई बार यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे अधिक परेशान नजर आए। यात्रियों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि एसी बसों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। वहीं अधिकारियों का कहना है कि स्थिति सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**यात्रियों की मुश्किलें बढ़ी, सफर करना हुआ मुश्किल**

# गर्मी के कहर के साथ ही बिजली भी कर रही है परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीषण गर्मी का कहर सर चढ़कर बोलने लगा है वैसे ही बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह गड़बढ़ायी हुई है। दिन हो या रात बिजली गुल होना आम हो गया है। जबकि सूरज की तपन के साथ बिजली की ट्रिपिंग होते ही आग की तरह तप रहे कमरों में रूकना दूभर हो जाता है। इसके अलावा सुबह सवेरे बिजली के अचानक गुल हो जाने से नींद की खर्राटे भर रहे लोगों की नींद अूट जाती है। नीं पूरी नहीं होने से लोगों को दिन भर ऊंगना पड़ता है जबकि थकन और गर्मी में बुरी तरह परेशान रहना पड़ता है। इसके अलावा सांय को बिजलील का जाना और काफी देर तक गायब रहना एक शैडयूल बन गया है।

# डग्गामार के खिलाफ होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जनगणना को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 की जनगणना की जा रही है। उन्होने कहा कि 22 मई से 20 जून तक एक अभियान चलाते हुए 34 बिंदुओं पर मकान की जनगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि 7 मई से 21 मई तक स्वगणना के लिए लोगों को जागरूक करें इससे अधिक से अधिक जनगणना की प्रगति हो सके। जनगणना को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही निरोधात्मक कार्यवाहियों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एनडीपीएस, गैंगस्टर, आबकारी आदि चर्चा की गयी। बैठक में गैंगस्टर के वांछित अभियुक्तों तथा लंबित अभियोग

**कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में दिए सम्बंधितों को निर्देश**

गैंगस्टर, जिला बदर, प्रस्तावित गैंग चार्ट, आदि पर चर्चा करते हुए गैंगस्टर की कार्रवाई की प्रगति बढ़ाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला बदर एवं गुंडा एक्ट के अंतर्गत जो कार्रवाई की गई है उसको संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट के बारे में जानकारी लेकर कहा कि शस्त्र लाइसेंस की रिपोर्ट सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता पर दें जिससे करवाई अग्रसारित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने मेंथा, अवैधरोडवेज डग्गामार वाहन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ एक अभियान चलाते हुए कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। गोकशी की कार्रवाइयों को लेकर भी जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जबकि 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेसवे के शुभारंभ को लेकर भी जानकारी दी।इस अवसर पर प्रदीप वर्मा एडीएम न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, एएसपी कुलदीप कुमार, एएसपी मनोज कुमार रावत, सिटी मजिस्ट्रेट संभल सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चंद्र एवं उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी आदि मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने को प्रभारी निरीक्षक किए गए इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति और भी सुदृढ़ बनाये रखने को पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक और उपनिरीक्षकों को स्थानांतरित किया है।

एसपी की तबादला एक्सप्रेस में प्रभारी निरीक्षक नखासा संजीव कुमार बालियान को हयात नगर थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया है जबकि हयात नगर प्रभारी उमेश सिंह को नखासा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। इसके अलावाहजरत नगर गढ़ी थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर पंवार को प्रभारी निरीक्षक सम्भल निरीक्षक राजीव कुमार को गुन्नौर से थाना बहजोई का दायित्व दिया है। इसके साथ अजय कुमार प्रभारी साइबर सैल को प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा को कैला देवी थाने से प्रभारी निरीक्षक कुढ़फतेहगढ़, निरीक्षक राधेश्याम शर्मा को प्रभारी आरटीसी से प्रभारी निरीक्षक कैलादेवी,पुष्पेन्द्र सिंह चौहान प्रभारी फील्ड यूनिट से प्रभारी साइबर सैल बनाया। अमरीश कुमार को साइबर क्राइम प्रभारी से पुलिस लाइन ओर गजेन्द्र सिंह को कोतवाली सम्भल से पुलिस लाइन भेजा है। इसके अलावा लोकेन्द त्यागी को अपराध शाखा एवं उप निरीक्षक संजय कुमार को थानाध्यक्ष हजरत नगर गढ़ी का दायित्व दिया है।

# हेलमेट को लेकर चलेगा सात दिवसीय अभियान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद में बनाये गए चेक पोस्ट एवं अन्य पचास चेक पोस्ट के निर्माण को लेकर खनन निरीक्षक से जानकारी और चैक पोस्टों को चेक करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी दी। डीएम ने सभी विभागों के कार्यों के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा जिले के प्रत्येक थाने के सामने रोड पर पुलिस विभाग/परिवहन विभाग के द्वारा एनजीओ के सहयोग से दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाये जाने तथा आवश्कतानुसार हेलमेट उपलब्ध कराने की व्यवस्था के मामले पर चर्चा की। एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी द्वारा एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट गाइड के छात्रों के सहयोग से हेलमेट वितरण तथा रिफलेक्टर लगवाने को लेकर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट को लेकर एक 07 दिवसीय अभियान चलाने को लेकर निर्देशित किया। जबकि संयुक्त रूप से टीम गठित कर मार्गो के किनारे खड़े होने वाले वाहनों की चैकिंग के मामले पर एआरटीओ ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया और चालान तथा प्रशमन शुल्क की कार्यवाही की गयी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बडे अस्पतालों के पास जो एम्बुलेंस लगीं हैं उनका सत्यापन कराएं तथा एम्बुलेंस की दर को भी चेक करें। गुड सैमेटेरियन को लेकर भी चर्चा की गयी। फिटनेस, ओवरलोडिंग तथा मुख्य मार्गो तथा एन्ट्री प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे को लेकर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर पर पेंट करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय,एएसपी (उत्तरी) कुलदीप सिंह, अपर एसपी (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन्स में प्रशिक्षु आरक्षियों की दीक्षांत परेड की तैयारी तेज

## ● वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने रिहर्सल का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों की प्रस्तावित दीक्षांत परेड को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में वर्ष 2025-2026 बैच के आरक्षियों की दीक्षांत समारोह की रिहर्सल परेड आयोजित की गई, जिसका निरीक्षण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने स्वयं किया।

रिहर्सल के दौरान एसएसपी ने परेड की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड में शामिल प्रशिक्षु आरक्षियों ने कदमताल, सलामी, दस्ता संचालन और बैंड की तालमेल का अभ्यास किया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने परेड की शुद्धता, अनुशासन और समन्वय पर विशेष ध्यान दिया,




ताकि मुख्य आयोजन के दिन प्रदर्शन प्रभावशाली हो। गौरतलब है कि दीक्षांत परेड का मुख्य आयोजन 26 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसमें प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके नव-नियुक्त आरक्षी आकर्षक परेड का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में परेड का निरीक्षण और सलामी दी जाएगी।रिहर्सल के दौरान परेड ग्राउंड की साज-सज्जा, मंच व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, बैठने की व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और चिकित्सा सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ सुनिश्चित करें।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम को सुरक्षित, अनुशासित और यादगार बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। साथ ही आमजन और मीडिया से भी अपील की गई है कि वे कार्यक्रम के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

# बालाजी कोल्ड स्टोरेज में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** औरछी चौराहा स्थित बालाजी कोल्ड स्टोरेज परिसर में स्थित मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को लेकर पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

बताया गया कि कोल्ड स्टोरेज परिसर स्थित बालाजी मंदिर के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी सायंकाल विशाल भंडारा शुरू हुआ, जिसमें नगर व आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष भंडारे के माध्यम से भक्तों की सेवा की जाती है। आयोजन में व्यवस्था को लेकर विशेष प्रबंध किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भंडारे में नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, मौसम वार्ष्णेय, जेई जलकल, आशीष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सेवा और श्रद्धा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। भंडारे में देर रात तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और पूरे परिसर में जयकारों के बीच भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## एक नजर

### कुंदरकी की बेटियों ने लहराया परचम: इंटर व हाईस्कूल में जनपद टॉप-10 में बनाई जगह

**कुंदरकी।** ब्रहस्पतिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। सुबह से बेसब्री से इंतजार कर रहे विद्यार्थियों ने जैसे ही रिजल्ट देखा, एक-दूसरे को फोन कर अपनी सफलता की जानकारी साझा करनी शुरू कर दी। कुंदरकी नगर की माहिरा फिरदौस ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 454 अंक प्राप्त कर जनपद में दसवां स्थान हासिल किया। वहीं ग्राम इमरतपुर ऊधो की निवासी उदिती ने हाईस्कूल में 567 अंक प्राप्त कर जनपद में नौवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और नियमित पढ़ाई को दिया। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए वे प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक अध्ययन करती थीं, जिसके परिणामस्वरूप आज यह मुकाम हासिल हुआ।

माहिरा फिरदौस का सपना भविष्य में एमबीबीएस कर डॉक्टर बनना है, जबकि उदिती देश सेवा के जज्बे के साथ इंडियन नेवी में शामिल होना चाहती हैं। रिजल्ट घोषित होने के बाद दोनों छात्राओं के परिवारों में खुशी का माहौल बना रहा। परिजनों और शुभचिंतकों ने दिनभर बधाइयां देकर उनकी इस सफलता पर गर्व जताया।

### संत निरंकारी आश्रम में सत्संग का आयोजन देश भर में कराया गया रक्तदान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी आश्रम में आज सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें गद्दी विराजमान महात्मा भगवान दास जी ने अपने प्रवचनों में फरमाया कि हृदय में करुणा प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है तब मानव अपने सीमित स्वार्थ से ऊपर उठकर संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। बताया गया कि मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजापिता के सानिध्य में दिल्ली के ग्राउंड में भी आयोजित किया गया। इसके साथ-साथ समूचे देश में हर सत्संग आश्रम पर सत्संग का आयोजन हुआ पूरे भारत में 200 स्थान पर 40 हजार यूनिट रक्त का संकलन भी किया गया। बताया गया कि यह शुभारंभ है लेकिन आगे 750 स्थान पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर ब्रांच मुखी मास्टर सुशील कुमार जी सेवादल शिक्षक अमित कुमार सेवालाल संचालिका राजवती जी रेनू जी महात्मा हिमांशु जी आशीष जी रवि कुमार गौतम आदि ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अंकित कुमार ने उठाई।

# अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ अपना दल कमेरा वादी महिला प्रकोष्ठ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## तीन दिन में कार्रवाई न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

**मुरादाबाद।** अपना दल कमेरावादी (महिला प्रकोष्ठ) की जिला अध्यक्षा ठाकुर मंजु राठौर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लाइनपार स्थित श्रीराम कॉलोनी, शिव पार्वती मंदिर के सामने जागेश नामक व्यक्ति द्वारा दशकों से चलाए जा रहे अवैध गैस रिफिलिंग के धंधे को बंद कराने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जागेश दशकों से गैस रिफिलिंग का काम कर रहा है और चार पहिया वाहनों में भी गैस भरता है, जिससे कभी भी बड़ा और भयानक हादसा हो सकता है। क्षेत्र में हादसे की आशंका बनी हुई है। जिला अध्यक्षा ठाकुर मंजु राठौर ने बताया कि 4 व 17 अप्रैल को जिला पूर्ति व पुलिस विभाग में शिकायत की गई। जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन साठ-गांठ के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एक ओर गैस की भारी किल्लत है, वहीं दूसरी ओर जागेश धड़ल्ले से गैस रिफिलिंग कर रहा है। चेतावनी दी कि यदि तीन



दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो जिलाधिकारी कार्यालय पर भूख हड़ताल की जाएगी।ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्षा डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा, प्रवेश देवी, सुमन देवी, आँचल कश्यप, अनिता कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, राजू सैनी आदि मौजूद रहे।

# माटीकला शिल्पकारों को मिलेगा 15 दिन का निशुल्क प्रशिक्षण रहने-खाने के साथ मिलेगा मानदेय, 25 मई तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के 20 शिल्पकारों को 15 दिवसीय निशुल्क शिल्पकारी प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने-खाने की व्यवस्था निशुल्क होगी और प्रशिक्षण अवधि का मानदेय भी प्रशिक्षार्थी के खाते में दिया जाएगा।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि महाप्रबन्धक, उ.प्र. माटीकला बोर्ड, लखनऊ के पत्रांक 372-464 दिनांक 20.04.2026 के द्वारा जनपद को 20 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जनपद के चयनित शिल्पकारों को यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद, बिजनौर द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का चयन जनपद स्तरीय चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में रहने-खाने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी तथा मानदेय का भुगतान एनईएफटी द्वारा सीधे प्रशिक्षार्थी के खाते में किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक माटीकला शिल्पकार पुरुष/महिला आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यहां करें आवेदन ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट upmatikal-aboard.in पर किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए मोबा. इल नंबर 9580503151 एवं 8191967279 पर संपर्क करें।

इसके अलावा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम.आई.जी.ए. एम-6 दीन दयालनगर, मुरादाबाद से भी संपर्क किया जा सकता है।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने जनपद के माटीकला शिल्पकारों से अपील की है कि कौशल उन्नयन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली इस योजना का लाभ उठाने के लिए समय से आवेदन करें।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम 'अभिव्यक्ति 4.0' हुआ सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम ''अभिव्यक्ति 4.0'' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह के मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवा शिक्षा के साथ-साथ अपनी अन्य प्रतिभाओं का भी विकास करके विविध कलाओं में अपना कॅरियर बना सकते हैं। यदि विद्यार्थी उन अवसरों की पहचान कर लाभ उठा लें तो वे सफलता के शिखर तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन विद्यार्थियों ने डांसिंग, सिंगिंग और स्टैंड अप कॉमेडी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा दूसरे दिन मेंहदी प्रतियोगिता, नेल्स आर्ट, पेंटिंग बेस्ट आउट ऑफ



वेस्ट, हेयर स्टाइल, फैशन शो आदि प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न सभी स्कूलों के 140 से अधिक विद्यार्थी शामिल रहे। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं स्कूल आफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ''अभिव्यक्ति 4.0'' का आयोजन बेहद सफल रहा। विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुल. पति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी एवं ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की भरपूर सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति पांडे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह संयोजिका डॉ. स्मिता ज्योति समेत डॉ. अतानु नाग, डॉ, ऋद्धि गर्ग आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

समापन समारोह के दौरान वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. एस.डी. शर्मा, स्कूल ऑफ लॉ के प्रोफेसर डॉ. एस. बी. मिश्रा एवं निदेशक, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. मनोज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति-चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. अशोक कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# टीएमयू के अर्थ वीक में सीओई का वृक्षारोपण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से विश्व पृथ्वी सप्ताह के तहत वृक्षारोपण हुआ। इस अवसर पर चांदनी, कुचिया, केली, बक्सर, हवेलिया, कुच आदि प्रजातियों के करीब चार दर्जन पौधों रोपित किए गए ,ताकि परिसर और हरित और पर्यावरण अनुकूल बने। कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने स्टुडेंट्स को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. आरके जैन ने कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयास जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, एनएसएस टीम के सदस्यों और स्टुडेंट्स ने पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



# अधिकारियों के आदेश से छह महीने बाद मृतका का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**कांठ( शाह टाइम्स )।** छः महीने पहले हुई मौत के बाद आज माहौल उस समय गर्म हो गया जब पुलिस और अधिकारी कब्रिस्तान में पहुंच गए और मृतका की कब्र खोदकर शब को बाहर निकला जाने लगा। बताया गया की 28 नवंबर को नगर के अमृत हॉस्पिटल में प्रसव के अगले दिन चेदरी अकबरपुर निवासी जैनब पत्नी नौशाद की मौत हो गई थी उस वक्त भी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने आपस में समझौता कर लिया ग्रामीणों के मुताबिक इस संबंध में मृतका के बच्चों के नाम फिक्स डिपाजिट करते हुए बात को खत्म कर दिया गया लेकिन इसके कुछ दिन बाद ही मृतका की मां बानो निवासी तीबड़ी थाना धामपुर ने अपनी पुत्री की मौत को लेकर सवाल खड़े करने शुरू कर दिए और उसने इस मौत पर संदेह व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शब का पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग उठाई जिलाधिकारी के आदेश पर आज एसडीएम संत दास पवार की देखरेख में पुलिस ने मृतका जैनब की कब्र को खुदवा कर उसका शब बाहर निकलवाया और पंचनामा भरते हुए शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के मायके बालों द्वारा कराई गई कार्यवाही पर लोगों ने कई तरह के सवाल खड़े किए है।



# श्रीबारहसैनी रामलीला रामबाग ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी रामल. ीला रामबाग ट्रस्ट के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में ट्रस्ट के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोरमुकट वार्ष्णेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुशील वार्ष्णेय एवं सुरेश कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधान पद के लिए मौसम गुप्ता, उपप्रधान दीपक गुप्ता, मंत्री अमित केएस, उपमंत्री गौरव ए.के.जी., कोषाध्यक्ष राकेश चंद्र आर्य, आय-व्यय निरीक्षक गौरव एसजे तथा कोठारी पद पर अंकित वार्ष्णेय ने शपथ ग्रहण की। समारोह के दौरान ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि रामबाग धाम एवं ट्रस्ट की परंपराओं, धार्मिक गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने में नई कार्यकारिणी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शपथ ग्रहण के अवसर पर धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित टीम से रामलीला, धार्मिक आयोजनों और ट्रस्ट के विकास कार्यों को नई दिशा देने की अपेक्षा जताई। समारोह का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।



# टिमिट कॉलेज द्वारा टीएमयू ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) में टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा "सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्सः चुनौतियां, मुद्दे एवं व्यवहार" विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-2026 का प्रथम दिवस शुक्रवार को अत्यंत भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे से पंजीकरण एवं 9:15 बजे से नाश्ते के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों को ऑडिटोरियम में व्यवस्थित किया गया। 10:30 बजे अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का पारंपरिक तिलक एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों ने सहभागिता की। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। उद्घाटन के बाद प्रोफेसर विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, टिमिट ने स्वागत भाषण देते हुए कॉन्फ्रेंस की थीम पर प्रकाश डाला और सतत विकास लक्ष्यों की वर्तमान वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान स्मारिका एवं प्रोसिडिंग्स का विमोचन भी किया गया। इसके बाद मुख्य वक्ताओं की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसमें प्रोफेसर डॉ. सुरेश अय्यर, निदेशक, दून बिजनेस स्कूल, देहरादून ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए शिक्षा और प्रबंधन के माध्यम से सतत विकास की दिशा में प्रयासों पर जोर दिया। प्रोफेसर पी.बी. सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ने युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वहीं, बिरलासॉफ्ट के सीनियर डायरेक्टर प्रभंजन प्रस्सन ने कॉर्पोरेट सेक्टर की भागीदारी पर प्रकाश डाला।प्रोफेसर के. एस. चंद्रशेखर, कुलपति, जम्मू क्लस्टर विश्वविद्यालय, जम्मू एवं कश्मीर (राज्य विश्वविद्यालय) ने कहा कि शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और रोजगारपरक बनाना आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।ओरेकल के सीनियर डायरेक्टर नीरज नारंग ने ग्लोबल एचसीएम रणनीतियों में सस्टेनेबिलिटी के महत्व को समझाया, जबकि एनडीटीवी के सीनियर एडिटर हिमांशु शेखर मिश्रा ने मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त डीन (अकादमिक) प्रोफेसर मंजुला जैन तथा कुलपति प्रोफेसर वी.के. जैन ने अपने संबोधन में शिक्षा जगत की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रोफेसर के.एस. चंद्रशेखर, कुल. पति, क्लस्टर यूनिवर्सिटी जम्मू ने अपने उद्बोधन में सतत विकास के लिए नवाचार एवं अनुसंधान को अनिवार्य बताया। इसके पश्चात अंतरराष्ट्रीय वक्ताओंख्रअनुषी जैन, पारस जैन, प्रोफेसर सोनल अग्रवाल, प्रोफेसर अब्दुल कादिर खान एवं प्रोफेसर अर्शिया खानख्र ने वैश्विक दृष्टिकोण साझा करते हुए विभिन्न देशों में अपनाई जा रही रणनीतियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में इंडियन प्रोफेसर विपिन जैन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अंत. रराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन मेंकॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी: प्रो. (डॉ.) मनोज अग्रवाल, प्रो. (डॉ.) चंचल चावला, डॉ. मोहित रस्तोगी। कॉन्फ्रेंस कन्वीनर डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. सत्येंद्र आर्य, श्री आनंद जोशी, डॉ. पंखुड़ी अग्रवाल एवं डॉ. चारुल वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही आयोजन समिति के सदस्यख्र श्रीमती अंशु चौहान, डॉ. अविनाश राजकुमार, डॉ रोमा खन्ना डॉ आनंद जोशी आदि उपस्थित रहे।डॉ. गौरव सोम, श्री मोहित कुमार गर्ग, डॉ. मुकता गर्ग, डॉ. नितिन अग्रवाल, डॉ. पुनीत सेठी, प्रो. राजीव वर्मा, डॉ. राजेश कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर टिमिट डॉ. विभोर जैन सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। दोपहर भोज के उपरांत द्वितीय तकनीकी सत्रो की शुरुआत हुई, जिसमें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। विभिन्न सत्रों में बाह्य एवं आंतरिक चेयरपर्सन की देखरेख में शोधार्थियों ने अपने विचार साझा किए।इस प्रकार कॉन्फ्रेंस का प्रथम दिवस ज्ञानवर्धक चर्चाओं, प्रभावी प्रस्तुतियों एवं अंतरराष्ट्रीय सह भागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, सतत विकास के क्षेत्र में नए दृष्टिकोण प्रदान किए।






**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र नाजिम को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य के लिए हम और हमारा बाकी परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **चुन्ना पुत्र अब्दुल शकूर व श्रीमती नसीमा खातून पत्नी चुन्ना, निवासी नया गांव कासमपुर, तहसील व थाना कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# तेज रफ्तार डंपर बना काल: ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर चार लोगों की मौत, एक दर्जन से अधिक हुए घायल





**कुंदरकी।** संभल-मुरादाबाद मार्ग पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। थाना मैनाठेर क्षेत्र के डींगरपुर-असदपुर मार्ग पर तेज रफ्तार मिट्टी से भरे डंपर ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम में भात देकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शांति और सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल 8 वर्षीय सृष्टि और 12 वर्षीय अजीत ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल मुरादाबाद पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने अधिकारियों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।इस हादसे से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार भारी वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बाइकों की आमने सामने की टक्कर में बच्चा सहित दंपति घायल

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के लिंक मार्ग पर मनकरा के पास दो बाइकें आमने सामने से भिड़ गई हादसे में बच्चा सहित दंपति घायल हो गए है, जगरम्पुरा निवासी श्रीपाल पत्नी सोनम, दो साल के बेटे मयंक के साथ बुधवार शाम करीब सात बजे बाइक से साप्ताहिक बाजार करने के लिए मनकरा गया था,वहाँ से घर लौटते समय मनकरा मैरिज होम के आमने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी हादसे में श्रीपाल पत्नी सोनम बेटा मयंक घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से उनको सीएचसी मूंढापांडे मे भर्ती कराया जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया है, जबकि दूसरी बाइक चला रहा युवक के भी चोटें आई है,एस एचओ मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# नारायणपुर छंगा में धारा 163 लागू, गांव में पसरा सन्नाटा, पुलिस का कड़ा पहरा जारी

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव नारायणपुर छंगा में धारा 163 लागू होने के बाद हालात पूरी तरह नियंत्रित नजर आ रहे हैं। एहतियातन लगाए गए प्रतिबंधों के चलते गांव की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि पुलिस प्रशासन लगातार गश्त कर स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। गौरतलब है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने उग्र रूप ले लिया था। इस दौरान जमकर हंगामा, तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाएं सामने आई थीं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था। मामले में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और पुलिस जांच जारी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पूरे तहसील क्षेत्र में धारा 163 लागू कर दी है, जिसके तहत किसी भी प्रकार के जमावड़े और सार्वजनिक गति.



विधियों पर रोक लगाई गई है। प्रशासन का मानना है कि कुछ राजनी. तिक तत्व इस विवाद को हवा देने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए एहतियात के तौर पर सख्ती बरती जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह का कहना है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की गई है। वहीं ग्रामीणों से भी सहयोग की अपेक्षा जताई गई है, ताकि आपसी सौहार्द बना रहे और क्षेत्र में सामान्य स्थिति जल्द बहाल हो सके।

## एक नजर

### यादव यदुवंशीय शिव मंदिर में धार्मिक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मोहल्ला चौक बाजार के यादव यदुवंशीय शिव मंदिर में आज लक्ष्मी गणेश हनुमान जी राम दरबार लक्ष्मी नारायण और राधा कृष्ण आदि की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई इससे पहले शिव मंदिर से सभी देवी देवताओं की मूर्तियों को नगर में भ्रमण कराते हुए विधि विधान के साथ स्थापित किया गया। मंदिर पर पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई मुख्य शिव मंदिर के पुजारी सुरेंद्र शर्मा और शुभम शास्त्री के द्वारा हवन एवं यज्ञ कराया गया। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।



### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दयानंद इंटर कॉलेज में जश्न का माहौल

**कांठ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ के विद्यार्थियों ने 23 अप्रैल को घोषित माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के परीक्षा परिणाम में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हाई स्कूल की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की पांच छात्राओं ने जनपद स्तर पर पहचान बनाई है ,जबकि छात्रा कनक सिंह ने प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में अपना स्थान सुरक्षित किया है ।इंटरमीडिएट की परीक्षा में चार छात्राओं ने जनपद की श्रेष्ठता सूची में अपना स्थान बनाया है ।हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 31 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किए हैं जबकि हाईस्कूल के 7 विद्यार्थियों को गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। ज्ञातव्य है कि कांठ क्षेत्र का गौरव,महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। प्रतिवर्ष विद्यालय परिवार से अधिक जनता में विद्यालय के परीक्षा परिणाम को जानने की उत्सुकता रहती है और विद्यालय भी उनकी आशाओं के अनुरूप बेहतर परिणाम देता है। इस वर्ष भी आशाओं के अनुरूप विद्यालय ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों ही स्तर पर बेहतर परीक्षा परिणाम दिया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर उत्साह वर्धन किया तथा उनका आह्वान किया।



### जरूरतमंद कन्या को विवाह हेतु घरेलू सामान व आर्थिक सहयोग प्रदान

**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए शुक्रवार को एक जरूरतमंद कन्या को विवाह हेतु आवश्यक घरेलू सामान एवं दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम समिति की सचिव अभिलाषा प्रजापति के मयूर विहार स्थित निवास पर आयोजित किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि समर्पण वेलफेयर सोसाइटी समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की यथाशक्ति सहायता करती रही है। इसी क्रम में कन्या के विवाह को सहयोग प्रदान करते हुए जरूरी सामान और धनरा. शि भेंट की गई, ताकि उसके नए जीवन की शुरुआत सुगम हो सके। इस अवसर पर समूह की सभी सदस्याओं ने कन्या को सुखद वैवाहिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना समाज के प्रति दायित्व है और इस तरह के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम में अभिलाषा प्रजापति, काजल अरोड़ा, रंजना शर्मा, रितु साहनी, रीना तथा ममता सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं। आयोजन को लेकर समाजसेवा की भावना और सहयोग का संदेश भी दिया गया।




### एसपी ने कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में मासिक कानून व्यवस्था एवं आगामी त्योहारों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी, समस्त क्षेत्राधिकारी तथा थाना प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेश-निर्देशों से भी सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए प्रभावी पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण एवं जनसुनवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक रणनीति पर भी चर्चा की गई।



### अंबेडकर जयंती शोभायात्रा में नारेबाजी विवाद की जांच की मांग

**चन्दौसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसमें 14 अप्रैल को निकाली गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती शोभायात्रा के दौरान हुई नारेबाजी के विवाद को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। समिति पदाधिकारियों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने तथा दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की। बैठक में विमलेश कुमारी, ज्ञानप्रकाश सागर, रेवाराम कामरेड, दीपक कुमार, एडवोकेट राहुल कुमार, गौरी बौद्ध, छाया बौद्ध, ज्ञानवती बौद्ध, न, कैलाशचंद्र चटवाल, विकास, योगेश कुमार, अखिलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर भी बल दिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत, तीन दिन के अंतराल में दो भाईयों की मौत

**ठाकुरद्वारा।** चार दिन पूर्व उत्तराखंड के काशीपुर में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव टंडोला निवासी चंद्रसेन पुत्र मुरली सिंह ने काफी समय से उत्तराखंड के थाना काशीपुर में परिवार के साथ रहे है। बतादें कि चंद्रसेन ने अपनी बेटी का विवाह 19 अप्रैल को उत्तराखंड के काशीपुर मे शान शौकत के साथ किया था।

परिवार में बेटी की शादी के बाद खुशी का माहौल था। विवाह के अगले ही दिन 20 अप्रैल को काशीपुर क्षेत्र में स्थित वह अपनी फैक्ट्री में ड्यूटी पर गए थे। देर शाम घर लौटते समय अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें ऋषिकेश स्थित एम्स अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घर में आज तीजे की रस्में चल ही रही थीं कि छोटे भाई की मौत की खबर ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। मृतक का शव गांव पहुंचते ही शोक की लहर फैल गई। महज तीन दिन के अंतराल में दो सगे भाइयों की मौत से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है। मृतक के भाई गजराम सिंह ने घटना की जानकारी दी।

# संतुलित उर्वरक, सही मात्रा, सही समय: टिकाऊ खेती का सुनहरा सूत्र

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, द्वारा मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकास खंड ठाकुरद्वारा के ग्राम रामूवाला शेखू में संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव के किसानों ने भाग लिया और संतुलित उर्वरक के उपयोग की महत्वता तथा उर्वरक लगाने का सही समय जैसे विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग से भूजल प्रदूषण रुकता ही है साथ ही ग्रीन गैसों का उत्सर्जन भी कम होता है। संतुलित मात्रा में खाद डालने से फसल की गुणवत्ता सुधरती है और उत्पादन लागत में कमी आती है। उद्यान वैज्ञानिक डॉ शिवशंकर वर्मा ने बताया कि उर्वरक का संतुलित उपयोग व सही समय फल वृक्षों में फल को बढ़ावा देता है जबकि ज्यादा यूरिया से वृद्धि होती है। उर्वरक में संतुलन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब आप सूक्ष्म पोषक तत्व का इस्तेमाल करते हैं। वैज्ञानिकों ने किसानों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। किसानों को सलाह दी गई कि वे रसायनों के विकल्प के तौर पर वर्मीकम्पोस्ट और हरी खाद को प्राथमिकता दें। इस अभियान में धर्मपाल सिंह, राजकुमार सिंह, कृष्ण पाल सिंह, आदि लगभग 20 किसानों ने प्रतिभाग किया। पुष्पराज यादव, संदीप कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



# डॉ. कुंअर बेचैन मार्ग का लोकार्पण, चन्दौसी को मिली साहित्यिक पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब शक्तिनगर टी-प्वाइंट (बहजोई मार्ग) से जनपद न्यायालय/लायंस स्कूल तक निर्मित सड़क का लोकार्पण प्रख्यात हिंदी कवि एवं साहित्यकार डॉ. कुँअर बेचौन के नाम पर किया गया। संभल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव-2025 के अंतर्गत करीब 1.16 करोड़ रुपये की लागत से विनियम क्षेत्र के माध्यम से निर्मित इस मार्ग का लोकार्पण शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया करेंगे। इस सड़क का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि कभी यह मार्ग अतिक्रमण और संकीर्णता के कारण दुर्घटनाओं का केंद्र बना रहता था। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा के कार्यकाल में यहां व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। विरोध के बावजूद प्रशासन की दृढ़ता से शक्तिनगर, बदायूं चुंगी, तहसील चौराहा समेत प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा उनका चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया गया। विकास नगर चौराहे से जनपद न्यायालय तक आकर्षक प्रकाश व्यवस्था भी कराई गई, जिससे यह मार्ग अब आधुनिक स्वरूप में नजर आता है।

इसी ऐतिहासिक और विक. सित मार्ग को अब हिंदी के पुरोधा, कायस्थ शिरोमणि कवि डॉ. कुँअर बेचौन के नाम से पहचान मिलेगी। 'कुँअर बेचौन मार्ग' नामकरण को लेकर समाज में उत्साह है। इस कार्य में कवि के सुपुत्र ऑस्ट्रेलिया निवासी चित्रांश गौरव के प्रयासों के साथ वरिष्ठ कवयित्री आशा बिसा. रिया, युवा कवि सौरभकांत शर्मा और अनेक साहित्यकारों का विशेष सहयोग रहा। बता दें कि डॉ. कुँअर बेचौन हिंदी साहित्य के ऐसे हस्ताक्षर थे जिन्होंने अपनी कविता, गीत, गजल और लेखन से देश-विदेश में विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी प्रारंभिक से उच्च शिक्षा चन्दौसी में हुई और बाद में वे गाजियाबाद के एमएमएच कॉलेज में हिंदी विभागाध्यक्ष रहे। वर्ष 2021 में कोरोना काल में उनका निधन हो गया था। 29 अप्रैल को उनकी छठी पुण्यतिथि भी मनाई जाएगी। साहित्य और विकास के इस संगम के रूप में यह मार्ग न केवल नगर की पहचान बनेगा बल्कि चन्दौसी की सांस्कृतिक विरासत को भी नई प्रतिष्ठा देगा। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय को नगर के लिए गौरवपूर्ण कदम बताया है। कार्यक्रम में सुशील सक्सेना, अरुण सक्सेना, लक्ष्मीकांत सक्सेना, विनोद सक्सेना, सुनील सक्सेना, समाजसेविका संगीता भार्गव, संजय मदान, पूर्व एमएलसी पप्पू चौधरी, अंकित जैन, आशा बिसारिया, सुरभि सक्सेना, जगन्नाथ खुराना, चौधरी महावीर सिंह, हाजी ताहिर, राजेश कुमार प्रधानाचार्य, संजय चौहान, डॉ0 पीयूष राघव, प्रतीक सक्सेना, नीरज नंदन, अश्विनी सक्सेना व नगरपा. लिका से सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मजदूर घायल, जर्जर सड़क और संकरी पटरी बनी हादसे का सबब

**सुरजननगर।** सुरजन नगर स्योहारा मार्ग पर शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक हादसा पेश आया, जहां टेंट का सामान लेकर जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उस पर सवार एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद बिजनौर के ग्राम जटपुरा निवासी सत्यवीर सिंह एक समारोह के समापन के बाद टेंट का सामान लादकर सुरजन नगर की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनका ट्रैक्टर श्री श्री 108 नलों वाले बाबा जी के थले के समीप पहुँचा, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर का पहिया अचानक पक्की सड़क से नीचे उतर गया। सड़क के किनारों पर पटरी का अभाव होने और दोनों तरफ गहरी खाई जैसी स्थिति होने के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली ने अपना संतुलन खो दिया और पलक झपकते ही पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक तो दूर जा गिरा और सुरक्षित रहा, किंतु ट्रॉली पर बैठा मजदूर नन्हे लोहे की कुर्सियों और टेंट के भारी सामान के बीच बुरी तरह फंस गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए भारी मशक्कत के बाद नन्हे को कुर्सियों के मलबे से बाहर निकाला और तुरंत उपचार के लिए डॉक्टर के पास भिजवाया। इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि ग्रामीणों के अनुसार सड़क के दोनों ओर पक्की पटरी न होने और गहराई अधिक होने के कारण यह मार्ग अब श्डेथ जोनश में तब्दील होता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का आक्रोश है कि पिछले दो वर्षों में यहाँ कई बार इसी प्रकार की दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें लगभग दो वर्ष पूर्व मेला देखकर लौट रहे ग्रामीणों की ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की जान तक जा चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस सड़क के सुदृढ़ीकरण या पटरियों के निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( सी०डि० ) न्यू कोर्ट नम्बर-2 महोदय, मुरादाबाद।**
**पुराना मूलवाद सं:** 319 सन् 1982
**मूलवाद संख्या:**-319/1998
**तारीख पेशी:** 27.04.2026
**बीना बहल बनाम विष्णु कुमार बनाम**

9/1. श्रीमति नीता दत्त, 9/2. श्रीमति सीमा गौतम, 9/3. श्रीमति लीना, 9/4. श्रीमती अन्जू शशिचरन पुत्रियां स्व. श्री नरेन्द्र कुमार समस्त निवासीगण जरई दरवाजा नखासा चन्दौसी जिला सम्भल। चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि प्रतिवादी संख्या 9 के वारिसान है। अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 04 के 27 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 04 के 23 दिवस को निकाली गई।

**अहलमद**
**ए०सी०जे० ( सी०डि० ) न्यू कोर्ट नम्बर-02, मुरादाबाद।**

## मनोरंजन सदन में आयोजित कॉन्फ्रेंस में रेलवे रनिंग स्टाफ की समस्याओं पर मंथन, एकजुटता का लिया संकल्प

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन स्थित रेलवे मनोरंजन सदन में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा मंडलीय लो. को एवं ट्रैफिक रनिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में रनिंग स्टाफ ने भाग लिया और अपने कार्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ आठवें वेतन आयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारियों ने ड्यूटी के लंबे घंटों, कार्य के दबाव और सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने कहा कि रनिंग स्टाफ रेलवे संचालन की रीढ़ है, लेकिन उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और कार्य परिस्थितियां नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उनका मनोबल प्रभावित होता है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा कराने के लिए संगठित संघर्ष बेहद जरूरी है। उन्होंने आठवें वेतन आयोग के गठन और उसमें कर्मचारियों के हितों को शामिल कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 19-DRM-MB-26-27 dt. 23.04.2026 | 20-DRM-MB-26-27 dt. 23.04.2026 |
|---|---|---|
| Name of Work | Heavy repairs to plaster, flooring etc. of various essential buildings at roadside stations & Repair to drainage at ZRTI/CH under ADEN/CH | Provision of Rubberized Road at LC No.13, LC no. 34, LC no. 37, 45, 49, 56, 58, 61, 65, 75 (BE-ALJN), LC 6, 7, 16, (MB-CH) and LC 12 in (RJK-SHTS) section under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date | 19.05.2026 | 19.05.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,40,91,927.43 | 1,68,32,766.93 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,81,800.00 | 3,36,700.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 05.05.2026 | 05.05.2026 |
| Period of Completion | 6 Months | 6 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 23.04.2026 1361/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## विधायक ने किया ग्राम चौपाल का शुभारंभ

**मूंढापांडे।** शुक्रवार को दो अलग-अलग गांवों में कुंदरकी विधायक ने ग्रामवासियों से संवाद कर विभिन्न समस्याओं को गंभीरता सुन, समस्याओं के त्वरित और न्यायोचित निस्तारण के लिए ग्राम चौपाल में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुंदरकी विधायक ने मौजूद अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग आदि के स्टाल लगे थे।

विधायक ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक सरलता से पहुंचे। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने आगे कहा कि खुशहाल गांव और सशक्त ग्रामीण ही उनकी प्राथमिकता हैं।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद स्टेशन पर स्टाफ पार्किंग एवं बरेली और शाहजहांपुर स्टेशन पर पे एंड यूज के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.05.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1379/26

# साई सुदर्शन ने तीसरा आईपीएल शतक जड़ा

### सुदर्शन ने 58 गेंद में बनाए 100 रन गुजरात ने बेंगलुरु को 206 रन का टारगेट दिया



**बेंगलुरु, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन के शतक की बदौलत रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 206 रन का टारगेट दिया। सीजन के 34वें मुकाबले में बेंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। शुक्रवार को गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 205 रन बनाए।

सुदर्शन ने 100 रन की पारी खेली, जो उनका आईपीएल में तीसरा शतक रहा। उनके अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 32 रन बनाए। जेसन होल्डर 10 बाल पर 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा और भुवनेश्वर कुमार को एक-एक विकेट मिला। क्रुणाल पंड्या के आखिरी ओवर में 18 रन आए और गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 205/3 का स्कोर बनाया। इस ओवर में जेसन होल्डर ने दो छक्के और एक चौका लगाया। पहली ही गेंद पर उन्होंने सिक्स लगाया, फिर तीसरी गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर एक और सिक्स लगा दिया। चौथी गेंद पर फुल टास को लान्ग आफ के पास से चौके में बदला। आखिरी गेंद पर वाशिंगटन सुंदर एक रन ही बना सके। साई सुदर्शन के शतक के दम पर गुजरात 12 ओवर में बिना विकेट 121 रन तक पहुंच गया था, लेकिन बाद के ओवरों में रन गति थोड़ी धीमी पड़ी और टीम 205 तक ही पहुंच सकी। 19वें ओवर से 8 रन आए। वाशिंगटन सुंदर और जेसन होल्डर ने मिलकर सिंगल-डबल के जरिए स्कोर आगे बढ़ाया। ओवर की आखिरी गेंद पर सुंदर को दो रन मिले। इससे पहले होल्डर को भी एक फुल टास पर कवर में मिसफील्ड का फायदा मिला। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को आउट कर गुजरात को एक और झटका दिया। बटलर 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लो फुल टास गेंद पर उन्होंने शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा जोश हेजलवुड के हाथों में चली गई। हेजलवुड के ओवर में 15 रन आए और एक बड़ा विकेट भी गिरा।

16वें ओवर में साई सुदर्शन 100 रन बनाकर आउट हो गए। हेजलवुड ने उन्हें बैक आफ लेंथ गेंद पर जल्दबाजी में शाट खेलने पर मजबूर किया, गेंद सीधे उन्हीं के हाथों में चली गई। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने आते ही आक्रामक अंदाज दिखाया। उन्होंने एक छक्का और चौका जड़ते हुए तेजी से रन बटोरे, जबकि जोस बटलर ने भी एक चौका लगाकर स्कोर आगे बढ़ाया। साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों में सेंचुरी जमाई। 15वें ओवर में सुयश शर्मा के खिलाफ तेजी से रन आए। जोस बटलर ने एक छक्का और चौका लगाया। सुदर्शन ने सिंगल लेकर अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन और गिल ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। गुजरात टाइटंस के लिए यह त्ब्ठ के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही। 13वें ओवर में सुयश शर्मा ने गुजरात को बड़ा झटका देते हुए शुभमन गिल को आउट कर दिया। गिल 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शार्ट लेंथ गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह टाइमिंग नहीं कर सके और गेंद लान्ग आन पर खड़े देवदत्त पडिक्कल के हाथों में चली गई। इस विकेट के साथ सुदर्शन और गिल के बीच शतकीय साझेदारी भी टूट गई। 13वें ओवर में सुयश शर्मा की गेंद पर साई सुदर्शन ने सिक्स लगा दिया। फुल लेंथ गुगली को आगे बढ़कर खेलते हुए उन्होंने लान्ग ऑफ के ऊपर से जोरदार छक्का जड़ दिया। 11वें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर शुभमन गिल ने शानदार शाट खेलते हुए अपना पहला सिक्स लगा दिया।

# सूजी टी-20 विश्व कप के बाद लेंगी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स इस वर्ा होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के बाद अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगी। न्यूजीलैंड ने घोाणा की है कि स्टार ऑलराउंडर सूजी बेट्स इस साल 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरु होने वाले टी-20 विश्वकप के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। उन्होंने 2006 में ललकन में भारत के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से लगातार अपने देश के लिए उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन किया है। 38 साल की बेट्स को अपने देश के लिए अब तक 362 अंतर्राट्रीय मैच खेले है।

बेट्स ने अपने 20 साल के करियर में सभी फॉर्मेट में कुल 14 शतक बनाए हैं और 145 विकेट लिए हैं, ये उनके करियर की कई खास उपलब्धियों में से कुछ हैं। उनका सर्वश्रेठ एकदिवसीय स्कोर 168 रन था, जो उन्होंने 2009 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। इसके अलावा, 2022 में अपने घरेलू मैदान पर इसी टूर्नामेंट में इसी टीम के खिलाफ उन्होंने फिर से तिहरे अंकों (शतक) का आंकड़ा छुआ था। अपने शानदार करियर के बारे में बात करते हुए, बेट्स ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा कि जब मैं पिछले बीस से ज्यादा सालों को पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे यकीन ही नहीं होता कि समय इतनी तेजी से कैसे बीत गया। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार 'फर्न' (न्यूजीलैंड टीम का प्रतीक) पहना है। उन्होंने कहा कि इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, टीममेट, क्रिकेटर और एथलीट बनने की हर दिन को. शिश करने में मुझे बहुत मकसद और खुशी मिली है।

## खेल विशेष

### यूएई के कप्तान वसीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वसीम को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-7 से संबंधित 'स्तर 1' के उल्लंघन का दोाी पाया गया। यह अनुच्छेद किसी अंतर्राट्रीय मैच में हुई घटना, या किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायता कर्मी, मैच अधिकारी या किसी अंतर्राट्रीय मैच में भाग लेने वाली टीम के बारे में सार्वजनिक रूप से आलोचना करने या अनुचित टिप्पणी करने से संबंधित है, चाहे ऐसी आलोचना या अनुचित टिप्पणी कभी भी की गई हो। यह घटना मंगलवार को कीर्तिपुर में नेपाल के खिलाफ यूएई के दूसरे टी20 मैच के बाद हुई, जब मैच के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वसीम ने कहा कि अंपायरिंग पक्षपातपूर्ण थी।

### मुस्तफिजुर-नाहिद पीसीएल 2026 के बचे हुए मैच नहीं खेलेंगे

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और नाहिद राणा के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वापस ले लिए हैं। अब ये दोनों खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) 2026 के बचे हुए मैचों में अपनी फ्रेंचाइजियों के लिए नहीं खेल पाएंगे। मुस्तफिजुर रहमान लाहौर कलंदर्स और नाहिद राणा पेशावर जाल्मी का हिस्सा थे। ये दोनों खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बोर्ड ने स्पट किया है कि मुस्तफिजुर घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं राणा के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए उन्हें आराम दिया गया है। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि मुस्तफिजुर के घुटने की स्थिति का आकलन करने के लिए उनका तत्काल स्कैन कराया जाएगा। इसके बाद वे बोर्ड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम शुरू करेंगे।

### वालेजो ने दिमित्रोव को चौंकाया, सितसिपास बड़े खतरे से बाल-बाल बचे

**मैड्रिड, वार्ता।** पैराग्वे के क्वालिफायर अडोल्फो डेनियल वालेजो ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में अपने एटीपी मास्टर्स 1000 डेब्यू पर जीत हासिल की। उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। 21 साल के वालेजो मास्टर्स 1000 में मैच जीतने वाले पैराग्वे के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। 1990 में इस सीरीज की शुरुआत के बाद से, वह रामोन डेलगाडो के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। वालेजो का अगला मुक. ाबला लर्नर टिएन से होगा। वाले. जो ने जीत के बाद कहा कि यह अविश्वसनीय है। यह किसी फल्मि जैसा लग रहा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है। मैं (दिमित्रोव) को और उनके सभी हाइलाइट्स को देखा करता था।

# पंजाब किंग्स का विजय रथ रोकने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स



**नई दिल्ली, वार्ता।** यह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का वह मुकाबला है जिसका सबको इंतजार रहता है, एक अजेय टीम का सामना एक ऐसी टीम से हो रहा है जो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए संघर्ा कर रही है, और यह हाई-स्कोरिंग मुकाबला यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब किंग्स इस दिन के मुकाबले में अब तक टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम के तौर पर उतर रही है, वह अजेय है और आत्मविश्वास से लबरेज है।

अब वह जो भी मैच खेलेगी, उस पर उम्मीदों का भारी दबाव होगा, न सिर्फ मैच जीतने का, बल्कि उस जीत की लय को बनाए रखने का, जिसने पूरे लीग में सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स लगातार अच्छा प्रदर्शन न कर पाने की समस्या से जूझ रही है, उन्हें पता है कि अगर उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा, तो वे प्लेऑफ की दौड़ से और भी ज्यादा दूर हो जाएंगे। यहीं पर जीत की लय और हताशा का आमना-सामना होता है। दिल्ली का अब तक का सफर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बजाय बीच-बीच में की गई अच्छी पारियों से ही पहचाना गया है। पारी की शुरुआत में, पथुम निसंका और केएल राहुल से एक मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी, कुछ ऐसा जिसकी इस टीम को अहम मौकों पर हमेशा कमी खली है। समीर रिजवी और नीतीश राणा ने पारी की गति बढ़ाने की अपनी क्षमता दिखाई है, जबकि मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की मौजूदगी दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचने की ताकत देती हैं, बशर्ते टीम की नींव मजबूत रखी गई हो। टीम का संतुलन काफी हद तक कप्तान अक्षर पटेल पर निर्भर करता है, उनका हरफनमौला प्रदर्शन इस मैच में बेहद अहम साबित होगा - खासकर पंजाब की उस बल्लेबाजी इकाई के सामने, जिसने इस सीजन में गें. दबाजों पर पूरी तरह से अपना दबदबा बनाए रखा है।

# कम्बोज का पर्पल कैप पर फिर कब्जा

### ऑरेंज कैप दौड़ में तीसरे नम्बर पर पहुंचे सैमसन



**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 101 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंच गये है। वहीं उसके साथी अंशुल कम्बोज ने एक बार फिर से पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है।

संजू सैमसन ने इस सीजन लगे चार में से दो शतक लगाए हैं और उनके नाम 293 रन हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) की जोड़ी अभिोक शर्मा (323 रन) और हाइनरिक क्लासन (320 रन) अब भी शीर्ा दो में हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू और गुजरात टाइटंस के बीच शुक्रवार की रात होने वाले मैच के बाद ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो सकता है। 265 रनों के साथ शुभमन गिल चौथे स्थान पर हैं।

# RR के गढ़ में सेंध लगाने उतरेंग SRH



**जयपुर, वार्ता।** जयपुर में हैदराबाद की 'रन मशीन' का मुकाबला राजस्थान की आखिरी उम्मीद से होगा, जब इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 36वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में एक हाई-स्कोरिंग मुक. ाबला होने की पूरी संभावना है।

इस मुकाबले में टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट का सामना एक ऐसी घरेलू टीम से होगा, जो अपने तेजी से आगे बढ़ रहे विरोधी को रोकना चाहती है और अपने अभियान पर फिर से पूरी तरह से नियंत्रण पाना चाहती है। दोनों टीमों में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की भरमार है, इसलिए इस मुकाबले में इस सीजन के सबसे ज्यादा चर्चित मैचों में से एक बनने की पूरी क्षमता है। हैदराबाद लगातार तीन मैच जीतकर जयपुर पहुंची है, धीमी शुरुआत के बाद उन्होंने अपनी लय वापस पा ली है। उनकी वापसी का श्रेय उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली को जाता है, जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों की गेंदबाजी को पूरी तरह से पस्त कर दिया है। अभिोक शर्मा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, उन्होंने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 323 रन बनाए हैं, जिसमें पिछले मैच में बनाया गया एक तूफानी शतक भी शामिल है। उन्हें हेनरिक क्लासेन का भी भरपूर साथ मिला है, जिनकी निरंतरता और जोरदार हिटिंग ने उन्हें इस सीजन के सबसे खतरनाक मध्यक्रम के बल्लेबाजों में से एक बना दिया है। कप्तान ईशान किशन ने आगे बढ़कर टीम की अगुवाई की है और तेज गति से रन बनाते हुए टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ट्रैविस हेड, भले ही अभी तक अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म में न हों, लेकिन वे शीर्ा क्रम में एक बड़ा खतरा बने हुए हैं, वहीं, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेढी जैसे खिलाड़ी टीम की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को और भी ज्यादा गहराई प्रदान करते हैं।

दूसरी ओर, राजस्थान का यह सीजन कुल मिलाकर काफी अच्छा रहा है, लेकिन हाल के कुछ मैचों में उनकी फॉर्म में थोड़ी-बहुत अस्थिरता देखने को मिली है। इसके बावजूद, वे एक संतुलित टीम हैं और किसी भी विरोधी टीम को कड़ी चुनौती देने में सक्षम हैं, खासकर अपने घरेलू मैदान की जानी-पहचानी परिस्थितियों में। उनकी बल्लेबाजी मुख्य रूप से वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की विस्फोटक सलामी जोड़ी के इर्द-गिर्द ही घूमती रही है। युवा सूर्यवंशी इस सीजन की सबसे बड़ी खोजों में से एक साबित हुए हैं और उन्होंने बेहद शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, वहीं, दूसरी छोर पर यशस्वी जायसवाल ने टीम को स्थिरता और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिया है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव जुरेल ने साझेदारियां बनाने में अहम भूमिका निभाई हैद्ध हालांकि, कप्तान रियान पराग भी बल्ले से अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से बेताब होंगे।

मिडिल ऑर्डर में शिमरॉन हेटमायर और रवींद्र जडेजा जैसे मंझे हुए फिनिशर हैं, साथ ही डोनोवन फरेरा भी हैं, जो राजस्थान को हैदराबाद की स्कोरिंग रेट की बराबरी करने की ताकत देते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, राजस्थान के पास तेज और स्पिन गेंदबाजी का एक दमदार मिश्रण है। जोफ आर्चर ने अपनी गति और सटीकता से आक्रमण की अगुवाई की है, जिसे स्पिन विभाग में रवि बिश्नोई का प्रभावी साथ मिला है।

# वंशिका व सीजल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल में स्वर्ण-रजत जीता



**काहिरा, वार्ता।** भारत ने दिन का दूसरा और प्रतियोगिता का तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जब वंशिका चौधरी और सीजल कांबले ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में यह भारतीय दल का तीसरा डबल पोडियम फिनिश रहा। वंशिका ने फाइनल में 241-3 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता,

जबकि सीजल ने 24 शॉट्स के फाइनल के बाद 239-6 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। चाइनीज ताइपे की लियाओ के रोंग ने 22 शॉट्स के बाद 218-3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इस प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में अपनी शीर्ष स्थिति मजबूत कर ली है, जहां अब उसके पास तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक हो गए हैं। इससे पहले क्वालिफिकेशन में वंशिका, सीजल और कनक ने क्रमश: 579, 577 और 576 के स्कोर के साथ शीर्ा तीन स्थान हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल की शुरुआत में भारतीय खिलाड़ियों की गति थोड़ी धीमी रही, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने नियंत्रण स्थापित किया। हालांकि कनक पदक से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि कांस्य पदक लियाओ के नाम रहा। वंशिका, जिन्होंने इस वर्ा घरेलू एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था, ने अपना पहला जूनियर वर्ल्ड कप स्वर्ण हासिल किया।

### गायकवाड़ ने मुकेश को समर्पित की एमआई के खिलाफ मिली बड़ी जीत

**मुंबई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ अपनी टीम की जीत को मुकेश चौधरी को समर्पित किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को अपनी मां के निधन के बावजूद टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद प्रजेंटेशन के दौरान गायकवाड़ ने कहा कि उनके (मुकेश चौधरी) लिए यह काफी मुश्किल वक्त है। मैं इस जीत को उन्हें समर्पित करना चाहूंगा। ऐसी दुखद स्थिति से निकलकर वापस आना मानसिक रूप से बहुत साहस का काम है। वह टीम के लिए वापस आए क्योंकि वह जानते थे कि हमें उनकी जरूरत है। पूरी कामयाबी उन्हीं के नाम है। हमने पहले भी बात की थी। हम यह मैच जीतना चाहते थे और मुझे खुशी है कि हर किसी ने इसमें अपना योगदान दिया।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ-2026**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश होम गार्ड परीक्षा-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगीः-

**04422/04421 गाज़ियाबाद - मुरादाबाद - गाज़ियाबाद अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** | 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04422 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04421 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | गाज़ियाबाद | 22:40 | --- |
| 07:00 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04422 गाज़ियाबाद से तथा 04421 मुरादाबाद से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : पिलखुआ, हापुड़, सिम्भौली, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला एवं अमरोहा स्टेशन।

**04349/04350 बरेली - बिजनौर - बरेली अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** | 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04349 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04350 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 03:35 | बरेली | 23:35 | --- |
| 08:00 | --- | बिजनौर | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04349 बरेली से तथा 04350 बिजनौर से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : मिलक, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, मंडी धनौरा, चाँदपुर सियाऊ एवं हल्दौर स्टेशन।

**04487/04488 दिल्ली जं. - शामली - दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** | 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04487 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04488 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:15 | दिल्ली जं. | 16:00 | --- |
| 11:40 | --- | शामली | --- | 13:40 |

चलने के दिन : 04487 दिल्ली जं. से तथा 04488 शामली से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : दिल्ली शाहदरा, नोली, खेकड़ा, बागपत रोड, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी एवं कांधला स्टेशन।

**04489/04490 तिलक ब्रिज - सहारनपुर - तिलक ब्रिज अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** | 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04489 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04490 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:45 | तिलक ब्रिज | 18:00 | --- |
| 13:40 | --- | सहारनपुर | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04489 तिलक ब्रिज से तथा 04490 सहारनपुर से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : आनंद विहार (ट), साहिबाबाद, गाज़ियाबाद, नया गाज़ियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाण्डा, खतौली, मंसूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़रनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**04491/04492 मेरठ सिटी - सहारनपुर - मेरठ सिटी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** | 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04491 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:25 | मेरठ सिटी | 15:00 | --- |
| 12:35 | --- | सहारनपुर | --- | 12:50 |

चलने के दिन : 04491 मेरठ सिटी से तथा 04492 सहारनपुर से दिनांक 25.04.26, 26.04.26 एवं 27.04.26 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाण्डा, खतौली, मंसूरपुर, जड़ौदा नारा, मुज़फ़्फ़रनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबंद, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फालो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1382/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कटघर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: डकैती की साजिश रच रहे सात बदमाश हथियारों सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना कटघर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे सात बदमाशों को अवैध हथियारों व उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व में की गई।पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान रामपुर रोड से रामगंगा नदी किनारे हाफिज शाह की मजार की ओर जाने वाले रास्ते पर एक बिना नंबर प्लेट की कार में कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठे थे, जो डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वाहन में सवार सातों बदमाशों को धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपियों में इरशाद उर्फ चिकना, अफसर अली, जुनैद अख्तर, इरफान,




नाजिम, गुलफाम और माजिद शामिल हैं।

पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान इनके कब्जे से तीन देशी तमंचे 315 बोर, छह जिंदा कारत. ूस, कई अवैध चाकू, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। इसके अलावा कार की तलाशी में रस्सा, हथौड़ी, सब्बल, लोहे की रॉड, टॉर्च, पेचकस, लीवर, कील की डिब्बी, डंडे और लोहे की चेन जैसे उपकरण भी पुलिस को मिले, जिनका उपयोग डकैती में किया जाना था। पकड़े गए आरो. पियों ने पुलिस को बताया कि वह शहर के सुनसान इलाकों में स्थित बड़े मकानों को निशाना बनाकर हथियारों के बल पर लूटपाट की योजना बना रहे थे। गिरोह के सदस्य अलग-अलग भूमिकाओं में वारदात को अंजाम देते थे, जिसमें एक व्यक्ति निगरानी करता था, जबकि अन्य घर में घुसकर लोगों को आतंकित कर लूट करते थे।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने 10वीं और 12हवीं की परीक्षा में किया अच्छा प्रदर्शन

**कांठ( शाह टाइम्स )।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, कांठ का वर्ष 2026 का हाईस्कूल




एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। हाईस्कूल परीक्षा में जैनब परवीन ने 80.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल ने 79 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि सामिया ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में मानसी गौतम ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गृह विज्ञान विषय में सर्वाधिक 94 अंक प्राप्त किए। दिया चौहान ने 79.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया एवं आंचल ने 77.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल 65 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जिनमें से 11 छात्राओं ने 'डिस्टिंक्शन' प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। प्रबंधक सुशील कुमार ने सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## एक नजर

### राजकीय स्कूलों ने किया निराश सहायता प्राप्त स्कूलों ने मारी बाजी

**कांठ( शाह टाइम्स )** राजकीय स्कूलों में शिक्षा में सुधार लाने के लिए अच्छा बजट खर्च किया जाता है लेकिन इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। इसकी गवाही 23 अप्रैल को जारी हुए यूपी बोर्ड की परीक्षाफल से साफ दिखाई दे रही है। हाईस्कूल व इंटर की जनपद स्तर की टॉप टेन सूची में जिले के राजकीय विद्यालय का केवल एक विद्यार्थी ही जगह बना सका। जबकि निजी व सहायता प्राप्त स्कूलों के 26 विद्यार्थियों ने जिले के टॉप टेन सूची में स्थान बनाया। जिले में राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को मिलाकर 50 कॉलेज हैं। इसमें हजारों बच्चे पढ़ते हैं लेकिन एक भी बच्चे ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में जगह नहीं बनाई।

हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा परिणाम में निजी व सहायता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थी इस बार भी छाए रहे। प्रदेश की टॉप टेन सूची निजी व सहायता प्राप्त स्कूलों के जिले के चार बच्चों ने जगह बनाई है। हाईस्कूल में 12 और इंटर में 15 ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने जिले की टॉपटेन सूची में जगह बनाई है। इसमें भी केवल एक विद्यार्थी राजकीय इंटर कॉलेज का है। शासन ने राजकीय विद्यालयों में मानक के अनुसार क्वालिफाइड टीचर रखे हुए हैं। लेकिन रिजल्ट आपके सामने है।

### विधायक कमाल अख्तर ने सुनी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विधायक कमाल अख्तर ने आज कांठ में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान बिजली पानी नहर राशन आदि समस्याओं को लेकर लोग उनके पास पहुंचे जिनके समाधान समय से कराए जाने का उन्होंने भरोसा दिलाया। उन्होंने कार्य कर्ताओं से विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी की नीति और सिद्धांतों को नुक्कड़ों पर और घरों तक जाकर समझाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने और स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। बताया कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और सामाजिक समरस्ता को मजबूत करने का काम कर रही है। इस मौके पर अंजार डॉक्टर दानिश अमजद विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

### मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 100 लोगों ने किया रक्तदान

**मुरादाबाद।** संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में ब्रांच मुरादाबाद के निरंकारी सत्संग भवन पर 24 अप्रैल को एक विशाल रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक भाई-बहनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर का शुभारंभ मुरादाबाद ब्रांच के संयोजक रामनाथ



सिंह एवं सेवादल के क्षेत्रीय संचालक प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को मनाए जाने वाले 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर किया गया। उल्लेखनीय है कि देश ही नहीं, विश्व के अनेक स्थानों पर इसी दिन रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। मंच संचालन मनोज ढींगरा ने किया। कार्यक्रम में सेवादल संचालक विशाल नारंग, बृजपाल सिंह, राजाराम सिंह, गजराम सिंह, परमेश्वरी प्रसाद, देव अग्रवाल, सुमित अरोड़ा, सूरजपाल सिंह, अनूप गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, नेहा अरोड़ा, उर्मिला, शकुंतला, सोनिया, पुष्पा यादव, रीना, सिंपल, शोभा अग्रवाल, सीमा रस्तोगी व सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सत्संग के पश्चात सभी ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

### डीएसएम इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा का 100% तो कक्षा 10 का परिणाम 74% तक पहुंचा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** डीएसएम इंटर कॉलेज में भी 12वीं एवं 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा सफल अभ्यर्थियों को स्कूल के प्रधानाचार्य और प्रबंधन ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कक्षा 12 कृषि का परीक्षा परिणाम 100% साइंस का 93 और आर्ट का 86% रहा जबकि कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 74% रहा विज्ञान वर्ग में अतुफा अंसारी मोहम्मद फैसल और अब्दुल समद पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, कला में प्रिंस, प्रिंस द्वितीय और अभिषेक पहले दूसरे तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 11 एग्रीकल्चर में मोनी जानी और आयुष क्रमश: पहले दूसरे तीसरे स्थान पर रहे।

कक्षा 12 एग्रीकल्चर में वर्णित यादव विनीत और हिमांशी पहले दूसरे तीसरे स्थान पर रहे और कक्षा 10 में स्वीटी बिश्नोई आफिया नूर और समरीन पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इन सभी सफल अभ्यर्थियों को कॉलेज के प्रबंधक कुंबर सुरेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी के द्वारा फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया बाकी अध्यापक अध्यापको ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की है।



# जेतीया फिरोजपुर व जैतपुर पट्टी में ग्राम चौपाल आयोजित, विधायक ने सुनीं समस्याएं

**कुंदरकी।** विकास खंड कुंद. रकी के ग्राम जेतीया फिरोजपुर एवं जैतपुर पट्टी में शासन के निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल का शुभारंभ विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया।



उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। चौपाल में स्वास्थ्य, ग्राम विकास, पंचायती राज, समाज कल्याण, राजस्व, पूर्ति, कृषि, विद्युत, पुलिस, महिला एवं बाल कल्याण विभाग आदि के स्टॉल लगे। अधिकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से वंचित नहीं रखा जाएगा। शासन की मंशा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की है। ग्राम चौपाल में विद्युत मीटर व पूर्ति विभाग की यूनिट संबंधी शिकायतों का समाधान हुआ। कई किसानों ने फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया। इस दौरान बीडीओ राजेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत कुलदीप सिंह, जेई विद्युत सुरेश कुमार, चकबंदी अधिकारी राम अवतार सिंह, राजस्व विभाग से अकील अहमद, श्रम विभाग से राजीव कुमार, पशुपालन विभाग से नितिन तोमर, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, संजय कश्यप, जिला मंत्री ज्योति बाल्मीकि, अरविंद ठाकुर, रिजवान, संजय दिवाकर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# टीएमयू में मशहूर बांसुरी वादक पं. राजेंद्र प्रसन्ना की अद्वितीय प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्न ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से सभी श्रोताओं को





मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित प्रसन्ना ने अपनी साधना, कला और मधुर सुरों से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा एवम् आनंद से सराबोर कर दिया। पंडित जी की बांसुरी से निकले प्रत्येक सुर ने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करके अलौकिक अनुभूति प्रदान की। तबले पर पं. देवज्योति दास गुप्ता और बांसुरी पर श्री सम्यक पाराशरी की संगत ने संगीत की इस महफिल को नई ऊंचाई प्रदान की।

मेडिकल के एलटी 2 में दोनों सत्रों को संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने इस महफिल को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग हुआ। स्वागत भाषण में डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा, ऐसे सांस्कृतिक आयोजन स्टुडेंट्स को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में स्पिक मैके के क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. मुकुल किशोर, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, प्रो. उपेंद्र मलिक, श्री अनंत भारद्वाज के साथ-साथ डेंटल एवम् नर्सिंग कॉलेज की फैकल्टीज एवम् छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने पंडित राजेंद्र प्रसन्न और उनके सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। स्पिक मैके के इस प्रोग्राम में टीएमयू कल्चर एंड हेरिटेज क्लब का भी सहयोग रहा। संचालन सीटीएलडी की फैकल्टी श्रीमती मणि सारस्वत ने किया।

# सपा विधायक ने पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर और बल्ले से शॉट लगाकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर धन्ना में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर और बल्ले से शॉट लगाकर उद्घाटन किया। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सबसे पहले मुंबई इंडियन टीम के कप्तान भूपेंद्र और दिल्ली कैपिटल के कप्तान विशेष को हाथ मिलवाया और टॉस करवाया। टॉस मुंबई इंडियन ने जीता और फील्डिंग करने का फैसला लिया। दिल्ली कैपिटल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट होकर 120 रन बनाए। बल्लेबाजी का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियन की टीम ने 9.1 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस अवसर पर अभिषेक, शाहरुख खान, हरि सिंह, हरिओम, अमित, हरज्ञान, सूर्यांश, रोहित, मुमताज, सौरभ, सोनू, कुलदीप, अजय पाल, राजू, सुबोध, अमित, गोविंद, सुमित, राहुल, राजीव, अशोक, श्याम सिंह, निर्देश यदुवंशी, टीकम सिंह यादव,बंटी यादव, भूदेव



यादव, राजकुमार यादव, विशेष यादव, भूपेंद्र यादव, हरि सिंह यादव, हरिओम यादव ,ओमवीर यादव आदि मौजूद रहे।

# किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हाईस्कूल टॉपर को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज, कुंदरकी में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हाईस्कूल एवं



इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के 20 तथा इंटरमीडिएट के 20, कुल 40 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मुताहिर अली खान, आईटीएम अकादमी के प्रबंधक जनाब आसिफ पाशा एडवोकेट तथा कॉलेज प्रबंधक जनाब आरिफ पाशा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को "स्वर्गीय शरीफ उद्दीन पाशा अवॉर्ड" भी प्रदान किया गया, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई। समारोह का मुख्य आकर्षण रहा हाईस्कूल के टॉपर फैजुल रहमान का सम्मान। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कॉलेज प्रबंधन की ओर से इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा। ऐसे आयोजन न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

# बिजली सप्लाई को लेकर भाकियू टिकैत गुट का धरना प्रदर्शन

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) बिलारी के कार्यकर्ताओं ने नलकूप फीडरों पर केवल दो घंटे विद्युत सप्लाई दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को एसडीओ कार्यालय, बिलारी पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शासनादेश के अनुसार दस घंटे विद्युत आपूर्ति देने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन प्रदर्शन दोपहर 12:15 बजे शुरू हुआ और शाम 4:00 बजे तक चला। उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह की मध्यस्थता में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अमरीश कुमार, एसडीओ अवधेश कुमार और किसान यूनियन पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। धरना प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी माजिद हुसैन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी प्रेमपाल सिंह, जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, प्रेमपाल, जितेंद्र चौधरी, अभिनव चौधरी, अमित चौधरी, गुड्डू कुरैशी, अमरेंद्र कुमार आदि किसान रहे।

# राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान, फिजा रानी ने किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्थान प्राप्त करने वाले व उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रीति ने किया। उन्होंने बच्चों को अच्छे परीक्षाफल के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपने गुरुजनों तथा माता-पिता का मान-सम्मान व शिष्टाचार की भावना अपने अंदर विकसित करने पर बल दिया।कार्यक्रम में अतुफा जैनब, प्राची, कनिका, अशीनूरी, अलशिफा, मुस्कान, मोहित, शुएब, शौजुल, अलीशा, आलिया, आसिफा, जीशान, रिमशा, उजमा रानी, गुलनिशा, मेहरीन, मिस्बाह, निशा, शाने अली, अरमान, रहनुमा, महक, स्वादेकीन सहित अन्य सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# विधायक ने प्रदेश में छठां स्थान लाने वाले यूपी बोर्ड परीक्षा टॉपर शिखा दक्ष और जिले में सातवां स्थान लाने वाली बेटी इल्मा नूर को घर पहुंचकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में मंडल में प्रथम और प्रदेश में छठां स्थान लाने वाली



छात्रा शिखा दक्ष और जिले में सातवां स्थान लाने वाली छात्रा इल्मा नूर के घर पहुंचकर सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने सम्मानित किया। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान बिलारी नगर के मौहल्ला अंसारियान निवासी छात्रा इल्मा नूर के घर पहुंचे जहां उनके पिता मौहम्मद उस्मान, माता सायरा और परिजनों से मुलाकात की। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने छात्रा इल्मा नूर को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद प्रतिनिधि रशीद पन्ना, यासीन अंसारी, एजाज रजा, तहजीब सभासद, वशीउद्दीन, जावेद अंसारी, तसलीम फारूकी, फरीद फारूकी, शाहिद अंसारी, डा0 तालिब, फरमान फारूकी, मौ0 शान फारूकी, तैययब फारूकी, गुलाम वारिश आदि मौजूद रहे। इसके बाद स्टेशन रोड स्थित मौहल्ला प्रेम विहार कालौनी निवासी टॉपर छात्रा शिखा दक्ष के घर पहुंचे जहां छात्रा के पिता लाखन सिंह, मां गीता देवी और परिजनों से मुलाकात की। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि मेरे वालिद मरहूम हाजी मौहम्मद इरफान साहब का ख्वाब था, बिलारी विधानसभा के बच्चे पढ़ लिखकर बिलारी का नाम रोशन करें। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि छात्रा इल्मा नूर और छात्रा शिखा दक्ष दोनों ने ही गणित के विषय में 100 में से 100 अंक लाकर बिलारी विधानसभा का प्रदेश में मान बढ़ाया है, साथ ही प्रदेश और जिले में स्थान लाकर क्षेत्र, परिवार, जनपद को गौरवान्वित करने का अवसर दिया है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सीएचसी बिलारी में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की खून, शुगर, ब्लड प्रेशर, लंबाई और वजन सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। चिकित्सकों ने महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह भी उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर में डॉ. रेशमा वजाहत, डॉ. सहर फातिमा, एएनएम आशा सैनी एवं मधु सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# उलूल-जुलूल बोलते ट्रंप

किसी माह देश का नेता जब अपने मार्ग से भटक जाए, तो उससे दुनिया किस अंधेरी सुरंग की तरफ जा सकती है, इसका जीता-जागता परिणाम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूप में देखा जा सकता है। ट्रम्प जिस तरह के बयान देते रहते हैं और उसके बाद बदलते रहते हैं, वह किसी भी महाशक्ति देश के राष्ट्रपति को जरा भी शोभा नहीं देता। दिक्कत यह है कि वह अभी भी अपनी इस आदत पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं। एक तरफ वह ईरान से समझौते की बात कर रहे हैं, अच्छा माहौल बनाने की दुहाई देकर संघर्ष विराम का समय बढ़ा भी रहे हैं, तो दूसरी तरफ ईरान की नाकेबंदी भी कर रहे हैं और उसके जहाजों पर हमला भी कर रहे हैं। अमेरिकी नोसैना ने हिन्द महासागर में गुरुवार को ईरानी तेल लेकर जा रहे एक और टैंकर पर हमला कर दिया और उसे जब्त भी कर लिया। इससे पहले बुधवार को ईरान ने भी होर्मुज में तीन जहाजों पर हमला कर दो को अपने कब्जे में ले लिया और यह सब ऐसे समय में हो रहा था जब पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बातचीत को लेकर प्रयास जारी थे। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के हालात में कोई भी बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकती। पहले तो कोई भी पक्ष शायद ही ऐसी बैठक का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो। यही कारण है कि ईरान ने भी अपनी तरफ से साफ कह दिया कि भले ही अमेरिका बातचीत करने को आतुर हो, लेकिन वह तब तक उसके साथ बातचीत नहीं करेगा जब तक कि उसे सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती। ईरान का तो यहां तक कहना है कि पहले दौर की बातचीत में जो उसने अपने दस सूत्रीय मांगों का एजेंडा अमेरिका के सामने रखा था, उसमें अभी तक उसकी तरफ से कोई परिवर्तन नहीं आया है। ईरान का कहना है कि यदि अमेरिका आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे ईरान की मांगों पर उदारतापूर्वक ध्यान देना होगा और जो ट्रम्प का धमकीभरा रवैया है उसको त्यागना होगा। बात अमे. रिका या ईरान संघर्ष की ही नहीं है, लेकिन जिस तरह वह दुनिया के कई बड़े देशों को धमका रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि मजाक उड़ा रहे हैं, तो उनकी इस हरकत को कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। अभी हाल ही में ट्रम्प ने रूढ़िवादी लेखक माइकल सेवेज का वीडियो सोशल मंच पर साझा किया था। इसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना करते हुए भारत और चीन पर बेहद विवादास्पद टिप्पणी की थी और उन्हें नर्क तक बता दिया था। यह अलग बात है कि कुछ घंटों बाद ही जिस बात के लिए ट्रंप जाने जाते हैं, उन्होंने अपने ट्वीट को बदला और बोल दिया कि भारत एक महान देश और पीएम मोदी उनके सबसे प्रिय दोस्त हैं। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की मानसिकता और वह भी अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे व्यक्ति के लिए अमेरिका की साख को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि अपने बयानों से बेलगाम हो चले ट्रम्प पर विश्व बिरादरी उन्हें किसी तरह समझाए कि उनके द्वारा उठाए जा रहे कदम अमेरिका ईरान नहीं बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं।

## भाजपा का जनता को मतदान के लिए दंड



भाजपा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने में देरी कर रही है और इसे कदम को जनता को मतदान के लिए मिली सजा के रूप में देखा जा रहा है, हाल में राजौरी जिले के नौशेरा क्षेत्र में हुए एक बड़े कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी असहज हो गई है और अब वह खुलकर यह स्वीकार कर रही है कि राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि लोगों ने नेशनल कांफ्रेंस को वोट दिया, यह दर्शाता है कि जम्मू-कश्मीर की जनता को उनके मतदान के लिए दंडित किया जा रहा है।

-उमर अब्दुल्ला
मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही



योगेश कुमार गोयल



**मलेरिया एनोपफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो यह परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त को. शिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है।**

मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी प्राणघातक हो जाने वाली बीमारी है, जो आमतौर पर एक निश्चित प्रकार के मच्छर को संक्रमित करने वाले परजीवी के कारण होती है और इन संक्रमित मच्छरों के काटने से मलेरिया होता है। अमेरिका से करीब 70 साल पहले ही मलेरिया को पूरी तरह खत्म घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी भी प्रतिवर्ष दो हजार अमेरिकी इससे संक्रमित होते हैं। भारत में तो हर साल लाखों लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं।

चिंता की स्थिति यह है कि दुनियाभर में मलेरिया से हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे मलेरिया से असमान रूप से प्रभावित होते हैं, जो मलेरिया से होने वाली कुल मौतों का करीब 82 प्रतिशत है। 2021 में मलेरिया से दुनियाभर में 6.19 लाख लोगों की मौत हुई थी जबकि 2022 में 6.08 लाख लोग मलेरिया के कारण मारे गए और 2024 में मलेरिया से 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई। हालांकि मलेरिया ऐसी बीमारी है, जिसकी रोकथाम करके बड़ी संख्या में होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है लेकिन यह फिर भी दुनियाभर में रोकी जा सकने वाली बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसीलिए मलेरिया को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 2008 से ही 25 अप्रैल को एक खास विषय के साथ 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है।

मलेरिया दिवस इस वर्ष 'मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा।' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जिसका प्रमुख संदेश यही है कि मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना है। भेदभाव और कलंक को खत्म करना, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को उस स्थान के करीब लाना, जहां लोग रहते हैं और काम करते हैं, मलेरिया के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों को संबोधित करना, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में मलेरिया नियंत्रण हस्तक्षेप इत्यादि मलेरिया दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर किसी को मलेरिया की रोकथाम, पता लगाने और इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण, समय पर और सस्ती सेवाओं का अधिकार तो है लेकिन यह सभी के लिए वास्तविकता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की हर साल मौत हो जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया की रोकथाम के मामले में बीते कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति तो हुई है लेकिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना अभी भी गंभीर चुनौती है। चिंता का विषय यह भी है कि प्रभावित क्षेत्रों में यह बीमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और अर्थव्यवस्थाओं पर बड़ा बोझ भी डालती है।

मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो यह परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मनुष्यों में सबसे आम मलेरिया परजीवी 'प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम' है, जो बीमारी के सबसे घातक रूप के लिए जिम्मेदार है। एनोफेलीज मच्छर वाहक के रूप में कार्य करते हैं, जब वे एक संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर दूसरे व्यक्ति को काटते हैं तो परजीवियों को प्रसारित करते हैं। जब परजीवी एक बार मानव शरीर के अंदर यकृत में चले जाते हैं तो ए लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर गुणन करते हैं, जिससे कई प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं। मनुष्यों को मलेरिया के चार मुख्य प्रकार (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवले और प्लाज्मोडियम मलेरिया) संक्रमित करते हैं। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम सबसे खतरनाक प्रकार है जबकि मलेरिया के अन्य प्रकार आमतौर पर हल्की बीमारी का कारण बनते हैं। गंभीर मलेरिया गंभीर एनीमिया, गुर्दे की विफलता, दौरे, कोमा और यहां तक कि मृत्यु जैसी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, खासकर यदि तुरंत निदान और इलाज नहीं किया जाए। हालांकि दुनियाभर में शोधकर्ता मलेरिया को नियंत्रित करने और अंततः खघ्त्म करने के लिए टीकों और अन्य नवीन समाधानों पर काम कर रहे हैं लेकिन इसकी रोकथाम के मुख्य उपायों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मच्छरदानी, कीट विकर्षक और मलेरिया-रोधी दवाओं का उपयोग करना शामिल है। जटिलताओं और मृत्यु को रोकने के लिए प्रभावी मलेरिया-रोधी दवाओं के साथ शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

मलेरिया होने पर आमतौर पर तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुख लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजर. अंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है। मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है। साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ही ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फाल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

इसलिए बेहद जरूरी है कि मलेरिया की जांच और इलाज में कोताही न बरतें। गर्मी और मानूसन के दौरान मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ जाती है, इसलिए आमतौर पर मलेरिया इन्हीं मौसम में सबसे ज्यादा होता है। वैसे मलेरिया के मच्छर अधिकांशतः उन्हीं जगहों पर पनपते हैं, जहां गंदगी होती है या गंदा पानी जमा होता है। इसलिए मलेरिया की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि अपने घरों में तथा आसपास गंदगी और गंदा पानी एकत्र न होने दें।

# अनोखा संसार : खुशबू से ठगने वाले बीटल्स

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरोपियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं।



उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्रायः फूलों में पाए जाते हैं।

जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना।

शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

-स्रोत फीचर्स

# मलेरिया दिवस, चेतावनी और संकल्प का देता है संदेश



कृति आरके जैन

जब दुनिया स्वास्थ्य के एक अहम मोड़ पर खड़ी है, तब 25 अप्रैलकृविश्व मलेरिया दिवस चेतावनी और संकल्प दोनों का संदेश देता है। इस वर्ष का थीम हमलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा। स्पष्ट चुनौती है। एनोफिलीज मच्छर अब भी हर साल लाखों परिवारों को प्रभावित करता है। डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 28.2 करोड़ मामले और 6.10 लाख मौतें दर्ज हुईं, जिनमें 94-95 प्रतिशत बोझ अफ्रीकी क्षेत्र पर है। फिर भी प्रगति उल्लेखनीय है- 2000 के बाद से अब तक 230 करोड़ मामले और 1.4 करोड़ मौतें टलीं। 2024 में अकेले 1 मिलियन जीवन बचे और 47 देश तथा एक क्षेत्र मलेरिया-मुक्त घोषित हो चुके हैं। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि मानवीय साहस और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण हैं। जलवायु परिवर्तन और दवा-प्रतिरोध के बावजूद विज्ञान उम्मीद जगा रहा हैकृयह लड़ाई जीती जा सकती है, यदि संकल्प दृढ़ और प्रयास सतत रहें। विश्व पटल पर मलेरिया आज भी गरीबी और असमानता का सबसे कड़ा सच है। 2024 में उप-सहारा अफ्रीका में 26.5 करोड़ मामले और लगभग 5.79 लाख मौतें हुईं। एथियोपिया, मेडागास्कर और यमन जैसे देशों में मामलों में उछाल देखा गया। फिर भी दक्षिण-पूर्व एशिया में सुधार जारी है। भारत ने 2017-2023 में मामले 69 प्रतिशत घटाकर 20 लाख किए, मौतें 68 प्रतिशत कम कीं (2015 से कुल लगभग 80 प्रतिशत कमी), 2024 में भारत हाई बर्डन हाई इम्पैक्ट समूह से बाहर निकलकर लक्ष्य-सिद्धि का उदाहरण बना। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा दीदियां और नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम जैसे प्रयासों ने यह बदलाव रचा। जलवायु परिवर्तन, दवा-प्रतिरोध, बढ़ता शहरी जलजमाव और फंडिंग की कमी चुनौतियां बनी हुई हैं। अब समय है पुरानी रणनीतियों को नई तकनीक से जोड़ने का। भारत की सफलता प्रेरणा का सशक्त स्रोत। आदिवासी अंचलों से महानगरों तक मच्छरदानी वितरण, लार्वीसाइडिंग और त्वरित निदान ने ठोस प्रभाव डाला। 2025 के आंकड़ों में अधिकांश जिलों में स्थानीय संक्रमण नियंत्रित है, 160 से अधिक जिलों ने 2022-2024 के बीच शून्य स्वदेशी मामले दर्ज किए। लक्ष्य स्पष्ट 2027 तक शून्य स्वदेशी मामले और 2030 तक मलेरिया मुक्त भारत। यह केवल सरकार नहीं, हर गांव, हर स्कूल, हर परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा स्वयंसेवक ड्रोन से लार्वा नियंत्रण कर रहे हैं, ऐप के माध्यम से लक्षणों की सटीक रिपोर्टिंग हो रही है। जब एक देश इतनी तीव्र गति से आगे बढ़ सकता है, तो दुनिया क्यों नहीं? भारत का मॉडल अब अफ्रीकी देशों के लिए प्रेरक मार्गदर्शक बन रहा है। सबसे सशक्त कवचकृरोकथाम ही किफायती और असरदार उपाय है। मच्छरदानी, इनडोर स्प्रेइंग, स्वच्छता और समय पर जांच-इलाज से 80 प्रतिशत तक मामले रोके जा सकते हैं। नई वैक्सीन आरटीएस, एस और आर-21 बच्चों में गंभीर मलेरिया को काफी हद तक घटा रही हैं आर-21 ने मौसमी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत तक प्रभावशीलता दिखाई है, जबकि दोनों वैक्सीन मिलाकर मौसमी केमोप्रिवेंशन के साथ 75 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती हैं। जीन एडिटिंग, अगली पीढ़ी के कीटनाशक और ड्यूल-एक्टिव इंसेक्टिसाइड ट्रीटेड नेट्स प्रयोगशालाओं से निकल रहे हैं। पर यह साधन तब तक निष्प्रभावी हैं, जब तक अंतिम व्यक्ति तक न पहुंचें। ग्रामीण भारत में अब भी कई जगह जागरूकता की कमी है। स्कूलों में मलेरिया शिक्षा अनिवार्य करनी होगी। हर घर में मच्छरदानी, हर जलस्रोत स्वच्छ यही छोटे कदम बड़े बदलाव लाएंगे। इस जंग के असली प्रहरी समर्पित स्वास्थ्यकर्मी हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में डटे हैं। अफ्रीका के सुदूर गांवों से भारत के दुर्गम जंगलों तक वे जोखिम उठाकर निरंतर काम कर रहे हैं। सरकारों को अब बजट दोगुना करना होगा, निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से शोध में जोड़ना होगा। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और सशक्त बनाना अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन मच्छरों का दायरा बढ़ा रहा है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण भी मलेरिया नियंत्रण का अहम हिस्सा बन गया है। जब हम सब मजबूती से एकजुट होंगे, तभी यह लड़ाई निर्णायक रूप से जीती जा सकेगी। अब हर नागरिक की भूमिका निर्णायक और अनिवार्य बन चुकी है। क्या आपने अपने घर के आसपास जलजमाव पूरी तरह रोका? क्या बच्चों को बचाव के प्रभावी तरीके सिखाए? क्या अपने इलाके में सक्रिय जागरूकता अभियान चलाया? छोटे-छोटे कदमकृपुराने टायर हटाना, गमलों का पानी नियमित बदलना, मच्छरदानी का सही उपयोग मिलकर महामारी की रफ्तार थाम सकते हैं। सोशल मीडिया पर प्रमाणिक जानकारी फैलाएं, स्थानीय नेतृत्व से ठोस और त्वरित कदमों की मांग करें। जब हर व्यक्ति सजग और जिम्मेदार बनेगा, तभी मलेरिया का नामोनिशान मिटेगा। समय का यह निर्णायक मोड़ हमें पुकार रहा है 25 अप्रैल अब महज एक दिन नहीं, परिवर्तन का सशक्त बिगुल है। अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा केवल नारा नहीं, सामूहिक संकल्प और प्रतिबद्धता बने। एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां कोई बच्चा मलेरिया से न मरे, कोई मां अपने बच्चे को खोकर न रोए। भारत इस दिशा में ठोस और निरंतर कदम बढ़ा चुका है।

अब पूरी मानवता को इसी पथ पर संगठित होकर आगे बढ़ना है। आइए, मिलकर मलेरिया को इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज कर देंकृताकि आने वाली पीढ़ियां इसे सिर्फ पढ़ें, कभी सहें नहीं।





प्रयांगराज। रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के बीच प्लेटफॉर्म पर पानी का छिड़काव करती रेलवे कर्मचारी।

## गाजा युद्ध में प्रतिदिन औसतन 47 महिलाएं और लड़कियां मारी गईं: संरा

**न्यूयॉर्क।** गाज़ा पट्टी में अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2025 के बीच इजरायल की सैन्य कार्रवाई में 38000 से अधिक महिलाएं और लड़कियां मारी गई हैं, जो इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 47 मौतों के बराबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानक. ारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महिला इकाई की रिपोर्ट गाज़ा में युद्ध की कीमत: महिलाएं और लड़कियां' में कहा गया है कि यह संख्या उसी अवधि में दर्ज कुल मौतों के आधे से अधिक है। गाज़ा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 71200 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की कुल हिस्सेदारी सभी मृतकों में आधे से अधिक है।

# ईरान के दुश्मनों में दरार पड़ गई है: मोजतबा खामेनेई

## सर्वोच्च नेता ने देशवासियों से चौकन्ना रहने की अपील की, ईरानी जनता की मजबूत एकता की तारीफ



■ दुश्मन के मीडिया अभियान, ईरानी लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई ने ईरानी जनता की मजबूत एकता की तारीफ करते हुए कहा कि इसने दुश्मन को बड़ा झटका दिया है। खामेनेई ने राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने का भी आह्वान किया और साथ ही लोगों को चौकन्ना रहने को भी कहा।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोजतबा खामेनेई ने लिखा कि देशवासियों के बीच एकता के चलते दुश्मन में दरार आ गई है। खामेनेई ने आरोप लगाया कि दुश्मन के मीडिया अभियान, ईरानी लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेताया कि हमारी लापरवाही इस नापाक इरादे को सफल न होने दे। खामेनेई ने साफ किया कि देश के नेतृत्व में कोई विभाजन नहीं है और उन्होंने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि ईरान के कट्टरपंथियों और उदारवादियों के बीच मतभेद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा खामेनेई का संदेश ऐसे महत्वपूर्ण समय में आया है, जब ईरान को कई तरह के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें अमेरिका, इस्राइल और उनके सहयोगी पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध, धमकियां और दुष्प्रचार शामिल हैं। इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भी इस बात पर जोर दे चुके हैं कि देश के नेतृत्व में कोई विभाज नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी ईरानी क्रांतिकारी एकजुट हैं और सर्वोच्च नेता के साथ पूरी तरह से एकजुट हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व में कलह होने का दावा किया था। ईरान की तरफ से ये टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच आंतरिक कलह चल रही है। ईरान के साथ दूसरे राउंड की बातचीत के समय भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने यही दावा किया था कि ईरान का राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व एकराय नहीं है।

## ईरान ने रूसी और कई अन्य देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्क में दी छूट: जलाली

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़रने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रज़ा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गई है। वहीं जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा कि हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गई हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली लागत का हवाला देते हुए, शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की थी।

# ईरान जंग में खर्च हुई चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

## अमेरिका का मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब, हर दिन हो रहा है करीब 90 अरब खर्च

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसा. इलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है। इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें (जेएएसएसएम-ईआर) इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टामहाक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं। इस पूरे युद्ध पर 28 से 35 अरब डालर खर्च हुए।

यानी हर दिन करीब 1 अरब डालर (लगभग 90 अरब रुपये) खर्च हुए। युद्ध रुके हुए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन अब तक अमेरिका ने यह नहीं बताया कि कुल कितने हथियार इस्तेमाल हुए। मंत्रालय का कहना है कि 13000 से ज्यादा टारगेट पर हमला किया गया। लेकिन अधिकारियों के मुताबिक एक ही टारगेट पर कई बार हमले हुए, इसलिए असल में इस्तेमाल हुए हथियारों की संख्या इससे काफी ज्यादा है। युद्ध के दौरान अमेरिका ने जिन हथियारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया, उनमें लंबी दूरी की जेएएसएसएम-ईआर मिसाइलें शामिल हैं। ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा टामहाक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। अमेरिका सालभर में जितनी मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा इस युद्ध में खर्च हो गईं। एक स्टडी के मुताबिक, अब अमे. रिका के पास करीब 3000 टामहाक मिसा. इलें ही बची हैं। पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलें भी तेजी से खत्म हुई हैं। एक मिसाइल की कीमत करीब 4 मिलियन डालर है। 2025 में अमेरिका ने 600 मिसाइलें बनाई थीं, लेकिन युद्ध में 1200 से ज्यादा इस्तेमाल हो गईं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा प्रिसिजन स्ट्राइक और एटीएसीएमएस मिसाइलें भी खर्च हो चुकी हैं। पेंटागन के मुताबिक, कुछ जरूरी हथियार पहले से ही कम थे और अब उनकी कमी और बढ़ गई है। व्हाइट हाउस ने हथियार खत्म होने के दावों को गलत बताया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है और उसके पास पर्याप्त हथियार हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने भी किसी खास इलाके या हथियारों के स्टाक की जानकारी देने से इन्कार किया। उन्होंने इसे सुरक्षा से जुड़ा मामला बताया। युद्ध के पहले दो दिनों में ही 5.6 अरब डालर के हथियार इस्तेमाल हो गए थे। इसके अलावा कुछ आपरेशन में नुकसान भी हुआ। ईरान से पायलट को निकालने के मिशन में दो एमसी-130 विमान और तीन हेलीकाप्टर नष्ट करने पड़े, जिनकी कीमत करीब 275 मिलियन डालर बताई गई। हथियारों की कमी के कारण अमेरिका को एशिया और यूरोप से भी अपने सैन्य संसाधन मिडिल ईस्ट भेजने पड़े। इससे वहां तैनात सेना की तैयारी पर असर पड़ा है। यूरोप में नाटो की पूर्वी सीमा की सुरक्षा से जुड़े कुछ हथियार कम हो गए हैं। वहीं एशिया में भी असर ज्यादा दिखा है। साउथ चाइना सी से यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर ग्रुप को हटाकर मिडिल ईस्ट भेजा गया। साथ ही दो मरीन यूनिट भी वहां तैनात की गईं। दक्षिण कोरिया में तैनात थार्ड मिसाइल सिस्टम के इंटरसेप्टर भी पहली बार वहां से हटाए गए हैं। ये सिस्टम उत्तर कोरिया के खतरे से निपटने के लिए लगाया गया था। इससे पहले भी अमे. रिका मिडिल ईस्ट में अपने जहाज और विमान भेजता रहा है। खासकर 2023 में इजराइल-गाजा युद्ध और यमन में हूती हमलों के बाद तैनाती बढ़ाई गई थी।



■ ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं, इसके अलावा टामहाक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ

## युद्धविराम टूटा तो होर्मुज स्ट्रेट में हमलों की तैयारी: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि मौजूदा संघर्षविराम समाप्त होता है तो ईरान की उपस्थिति को लक्ष्य बनाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में हमलों की नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रस्तावित योजनाएं पहले की रणनीति से अलग हैं, जिसमें हमले मुख्य रूप से ईरान के अंदरूनी क्षेत्रों तक सीमित थे। नई रणनीति में जलमार्गों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेष रूप से तेज गति वाली नौकाओं, बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाजों और अन्य समुद्री संसाधनों को निशाना बनाने पर जोर दिया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान द्वारा जलडमरूमध्य को बंद किए जाने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है और इससे अमेरिका की आर्थिक नीतियों पर भी दबाव बढ़ा है। सात अप्रैल से लागू युद्धविराम अभी औपचारिक रूप से कायम है। सूत्रों के अनुसार, केवल हवाई हमलों के जरिए जलमार्ग को शीघ्र खोल पाना कठिन हो सकता है, क्योंकि ईरान की तटीय रक्षा प्रणाली का बड़ा हिस्सा अब भी सक्रिय है और उसके पास पर्याप्त संख्या में छोटी नौकाएं मौजूद हैं।

## परमाणु विशेषज्ञों के बिना वार्ता से अधिक खतरनाक हो सकता है ईरान: यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ ने चेता. वनी दी है कि यदि ईरान के साथ चल रही कूटनीतिक वार्ताओं में तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया तो परिणाम कमजोर और अस्थिर हो सकता है, जिससे ईरान अधिक खतरनाक स्थिति में पहुंच सकता है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने साइप्रस में आयोजित एक अनौपचारिक बैठक के दौरान कहा कि परमाणु विशेषज्ञों को वार्ता से बाहर रखना किसी भी संभावित समझौते को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण वर्ष 2015 के परमाणु समझौते संयुक्त व्यापक कार्य योजना में निर्धारित सुरक्षा मानकों से कमतर होगा, जिसके तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए थे और बदले में प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। सुकलास ने कहा कि केवल परमाणु मुद्दों पर सीमित ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। यदि ईरान के मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय गतिविधियों और साइबर क्षमताओं जैसे पहलुओं को नजर. अंदाज किया गया, तो इससे भविष्य में अधिक जोखिम पैदा हो सकता है। इस बीच, पूर्व ईरानी राजनयिक कोरुश अहमदी ने कहा है कि ईरान और अमेरिका अपने-अपने रुख में फंसे हुए हैं, जिससे परमाणु वार्ताओं पर असर पड़ सकता है।

## ट्रम्प ने ईरान को फिर चेताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर ईरान को चेता. वनी देते हुए कहा कि घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है और यह नाकेबंदी तब तक और भी बदतर होती जाएगी, जब तक कि कोई ऐसा समझौता नहीं हो जाता जो अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद हो।



■ कहा: समय निकलता जा रहा है और नाकेबंदी 'और भी बदतर' होगी

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि समय उनके पक्ष में नहीं है। यह नाक. ेबंदी पूरी तरह से अभेद्य और मज़बूत है और अब यहां से स्थिति और भी खराब होती जायेगी। कोई भी समझौता तभी किया जाएगा, जब वह अमेरिका, उसके सहयोगियों और बाकी दुनिया के लिए उचित और हितकारी होगा। अमेरिकी मीडिया पर एक बार फिर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन जैसे मीडिया संस्थानों को लगता है, मैं ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बेचैन हूं। उन्होंने कहा कि कृपया यह जान लें कि इस पद पर रहते हुए शायद मैं अब तक का सबसे कम दबाव महसूस करने वाला व्यक्ति हूं। मेरे पास दुनिया भर का समय है, लेकिन ईरान के पास नहीं। घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना समुद्र की रसातल में है, उनकी वायुसेना पूरी तरह से तबाह हो चुकी है, उनके विमान-रोधी और रडार हथियार नष्ट हो चुके हैं, और उनके नेता अब हमारे बीच नहीं रहे।

## हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान

■ वाशिंगटन में संघ के सरकार्यवाह होसबाले बोले: हमेशा परंपरा की बात करता है आरएसए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत, उसकी संस्कृति, पड़ोसी देशों और वैश्विक संबंधों को लेकर कई अहम बातें कही हैं। उन्होंने साफ शब्दों में आरएसएस की सोच और भारत की भूमिका को समझाने की कोशिश की।

होसबाले ने कहा कि आरएसएस के अनुसार हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान है। उन्होंने बताया कि संगठन हमेशा संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की बात करता है, न कि किसी एक धर्म की। उनके मुताबिक, भारत और उसके पड़ोसी देशों के बीच समय-समय पर तनाव रहा है, जिसकी वजह राजनीति, इतिहास की गलत समझ और आपसी भरोसे की कमी है। उन्होंने कहा कि लगातार बातचीत और संवाद से इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के एक पड़ोसी देश के साथ ज्यादा समस्याएं हैं, और इसके पीछे बाहरी ताकतों की भूमिका भी रही है, जिससे आपसी विश्वास कमजोर हुआ है। भारत और अमेरिका के संबंधों पर बोलते हुए होसबाले ने कहा कि अगर दोनों देश मजबूत साझेदारी चाहते हैं, तो उन्हें भरोसे और समान अवसर के आधार पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने लोगों के बीच सीधे संबंध बढ़ाने पर भी जोर दिया। आधुनिकता और संस्कृति के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि दोनों एक साथ चल सकते हैं और इनमें कोई टकराव नहीं है। उन्होंने बताया कि एशियाई समाजों में लंबे समय से यह संतुलन देखने को मिलता है।

## खुलासा: नेतन्याहू रहे हैं कैंसर से पीड़ित

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के स्वास्थ्य को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए इजरायली प्रधानमंत्री ने खुद इस बात का आधिकारिक खुलासा किया है कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रहे हैं।

नेतन्याहू ने बताया है कि उन्हें शुरुआती चरण का प्रोस्टेट कैंसर था, जिसका उन्होंने समय रहते इलाज करवा लिया है। अपनी सालाना मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद नेतन्याहू ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह अहम जानकारी दी। उन्होंने देश और दुनिया को भरोसा दिलाया है कि एक घातक टयूमर को उनके शरीर से सफलतापूर्वक निकाल दिया गया है और अब उनकी शारीरिक स्थिति बिल्कुल बेहतरीन है।



■ इजरायली प्रधानमंत्री ने कब और कैसे कराया अपना इलाज, खुद ही किया इसका खुलासा

## इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष-विराम बढ़ा

### फैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुआ, राष्ट्रपति ट्रम्प ने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रसेल्स।** इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह फैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफ़िस में ट्रम्प, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी, लेबनान में अमे. रिका के राजदूत मिशेल ईसा और इज़रायल तथा लेबनान के कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर कहा कि बैठक बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि अमेरिका लेबनान को हिजबुल्लाह से रक्षा करने में मदद करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि वह 'निकट भविष्य' में इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन की बैठक की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक हैं, हालांकि उन्होंने इसकी तारीख की घोषणा नहीं की है। वहीं यूरोपीय संघ (ईयू) दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के समाप्त होने के बाद अपना अलग अभियान भेजने की संभावना पर विचार कर रहा है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने कहा कि लेबनान में मौजूद संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल का मिशन के समाप्त होने के बाद लेबनान की सशस्त्र सेनाओं को हिज्बुल्ला को निरस्त्र करने और देश में नियंत्रण स्थापित करने के लिये अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होगी। इस संबंध में यूरोपीय संघ के विदेश और रक्षा मंत्रियों के साथ चर्चा जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित यूरोपीय मिशन का स्वरूप संयुक्त राष्ट्र मिशन से भिन्न होगा और इसका उद्देश्य लेबनान की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना होगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब लेबनान में नाजुक संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाया गया है। यह समझौता इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद हुआ।



## यूक्रेन के हमलों में अब तक 8000 से अधिक रूसी नागरिकों की मौत: मिरोशनिक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत रोदियोन मिरोशनिक ने दावा किया है कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों में 8,000 से अधिक रूसी नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है और लगभग 20,000 लोग घायल हुए हैं। मिरोशनिक के अनुसार, कुल मिलाकर 27,872 नागरिक हताहत हुए हैं, जिनमें 8,012 लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि 2026 के पहले 90 दिनों में ही कम से कम 1,725 नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेनी बलों ने रूस के नागरिक ठिकानों पर चार लाख से अधिक गोले दागे हैं, जबकि 2026 के पहले तीन महीनों में यह संख्या 43,000 से अधिक रही है।

## वेनेजुएला में घुसकर मादुरो को पकड़ने वाला सैनिक गिरफ्तार

■ तख्तापलट पर सट्टा खेलकर चार करोड़ कमाए, पहले से मिशन की जानकारी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले आपरेशन पर सट्टा लगाया और इससे करीब 4.09 लाख डालर (करीब 4 करोड़ रुपये) कमा लिए। डाइक अमेरिकी सेना के स्पेशल फोर्स (ग्रीन बैरे) का हिस्सा है।

इसी यूनिट ने वेनेजुएला जाकर निक. ोलस मादुरो को पकड़ा था। ऐसे में डाइक को पहले से वेनेजुएला पर होने वाले सीक्रेट एक्शन की जानकारी थी। इसी जानकारी के आधार पर उसने दांव लगाया। उसके जीतने के बाद मिली रकम, भले ही गुमनाम थी, लेकिन तुरंत ही जांच एजेंसियों के शक में आ गई। डाइक अमेरिकी सेना में मास्टर सार्जेंट के पद पर था। यह एक सीनियर पद होता है। ऐसे अधिकारी को रणनीतिक और तकनीकी मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है और वह यूनिट में अनुशासन और मानकों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। जांच के मुताबिक, डाइक ने दिसम्बर के आखिर में 'पालिमार्केट' नाम के प्लेटफार्म पर अकाउंट बनाया। यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां लोग भविष्य की घटनाओं पर दांव लगाते हैं। दिसम्बर 2025 तक वेनेजुएला में घुसकर राष्ट्रपति मादुरो का तख्तापलट करने की घटना पर यकीन करने वाले लोग नहीं थे। डाइक ने इससे मिलते-जुलते नतीजों पर कुल 13 बार 32 हजार डालर का दांव लगाया, जैसे कि माद. ुरो कब तक सत्ता से हटेंगे या अमेरिका वेनेजुएला में कब तक सैन्य कार्रवाई करेगा।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)